卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 182 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦8 अप्रैल 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## कार ट्रक से भिड़ी, बिंदुखत्ता निवासी एक ही परिवार के छह लोगों की मौत

### देवरिया जा रहा था परिवार, तड़के हुआ दर्दनाक हादसा

लालकुआं (उद संवाददाता)। स्विफ्ट डिजायर कार ट्रक से टकरा गई। जिसमे बिंदुखत्ता निवासी एक ही परिवार के छह लोगो को मौत हो गई। जिससे पूरे इलाके में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार बिदुखत्ता के वीआईपी गेट दुर्गापाल कालोनी निवासी सेंचुरी मिल कर्मी 27 वर्षीय सोनू शाह शुक्रवार शाम को अपनी पत्नी पूजा देवी, पांच साल की पुत्री रुचिका, तीन साल पुत्र दिव्यांशु, 21 वर्षीय भाई रवि,12 वर्षीय बहन खुशी वर्ष के साथ अपने गांव गालिबपुर देवरिया बिशंभरपुर जा रहे थे, शनिवार तड़के 2:30 बजे अभी वह गांव के निकट श्रीदत्तगंज पहुंचे ही थे कि चालक को झपकी आ गई और कार अज्ञात वाहन से टकरा गई, जिससे कार में सवार सभी छह लोगो की दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, प्रातः गश्त पर जा रहे श्रीदत्तगंज के प्रभारी निरीक्षक विपुल कुमार पांडेय ने क्षतिग्रस्त वाहन को देखा, जिसके बाद हादसे की जानकारी मिल सकी, पुलिस ने कार में फंसे सभी लोगों को किसी तरह बाहर निकाला, लेकिन तब तक सभी की सांसे थम चुकी थी। सुबह होते ही घटना स्थल पर आसपास गांव के लोगों की भीड़ लग गई। घटना स्थल पर सिर्फ दुर्घटनाग्रस्त कार ही खड़ी थी। कार के पास गन्ने की खोई पड़ थी। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है जिस ट्रक से कार टकराई है। वह चीनी मिल से बगास लेकर निकला थ। घटना स्थल से कुछ दूरी से ही बजाज चीनी मिल इटईमैदा को जाने वाला मोड़ है। इसलिए ट्रक पर बगास लोड होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। हालांकि पुलिस अभी किस ट्रक से कार टकराई है। इसका पता लगाने में जुटी है।

## खाई में गिरी कार, तीन की मौत

### गाजियाबाद से घूमने आये थे पर्यटक, एक की हालत गंभीर

विकासनगर (उद संवाददाता)। कालसी-चकराता मार्ग पर साहिया से घटना देर रात की बतायी जा रही है। हादसे में कार सवार तीन लोगों की मौके सूरज कश्यप उम्र -27 वर्ष निवासी गाजियाबाद और लवलीना वर्मा उम्र 40



पहले संभू की चौकी के पास एक स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई। बताया गया कि कार में चार लोग चकराता घूमने जा रहे थे। पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक की हालत गंभीर है। मृतकों की पहचान ऋषभ जैन उम्र 27 वर्ष पुत्र अतुल जैन, निवासी पंचवटी कॉलोनी गाजियाबाद, पत्नी निशांत वर्मा, निवासी छोटा बाजार सहादरा, दिल्ली के रूप में हुयी है। इसके अलावा कार सवार ज्ञानेंद्र सैनी उम्र 48 वर्ष पुत्र (शेष पृष्ठ सात पर)

## अलग अलग स्थानों पर संदिग्ध हालातों में दो की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रूद्रपुर में नैनीताल रोड और किच्छा में रोडवेज स्टेशन पर घायल अवस्था में मिले दो युवकों की मौत हो गयी। रूद्रपुर में मिले युवक की शिनाख्त नहीं हो पायी है। जानकारी के अनुसार बीती रात नैनीताल रोड पर कोर्ट के पास एक युवक के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना 108 और पुलिस को दी गयी। जिस पर 108 की मदद से युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। सिडकुल चौकी प्रभारी पंकज कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंचे। चौकी प्रभारी ने बताया कि जिलाअस्पताल में युवक को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है। उधर किच्छा रोडवेज स्टेशन पर भी संदिग्ध हालातों में एक व्यक्ति की मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया गया है कि अनुसार 40 वर्षीय दिनेश कुमार पुत्र जगपाल बंदायू के थाना दातागंज का मूल निवासी था। वह यह लालपुर में रहकर राज मिस्त्री का काम करता था। बीती शाम किच्छा रोडवेज स्टेशन पर वह संदिग्ध अवस्था में अचेत मिला। उसे अस्पताल ले जाया गया।जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक चार भाईयों में सबसे बड़ा था। सूचना पर उसका छोटाा भाई समेत परिवार के अन्य लोग पहुंच गये। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है।

## यूपीपीएससी में उत्तराखण्ड की बेटी आकांक्षा ने हासिल की चौथी रैंक

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने पीसीएस 2022 का रिजल्ट शुक्रवार देर शाम जारी कर दिया। इसमें उत्तराखंड की बेटी आकांक्षा गुप्ता ने टॉप टेन सूची में जगह बनाते हुए चौथी रैंक प्राप्त की है। आकांक्षा ने बताया कि वह पिछले छह सालों से सिविल सेवा की तैयारी कर रही थीं और पांचवें प्रयास में उन्हें यूपीपीएससी में सफलता मिली है। इससे वह बेहद खुश हैं और परिवार में जश्न का माहौल है। आकांक्षा ने बताया कि बचपन से उनका सपना सिविल



सेवा में जाने का था, यह उनके माता-पिता के कारण पूरा हुआ है। आकांक्षा के पिता देहरादून के मोहल्ला मोहित नगर निवासी नरेंद्र गुप्ता टाइल्स कारोबारी हैं। आकांक्षा की प्रारंभिक शिक्षा सेंट जूड स्कूल से हुई है। आकांक्षा ने कंप्यूटर इंजीनियरिंग में स्नातक किया हुआ है। बीटेक करने के बाद उन्हें इंफोसिस में नौकरी करने का अवसर मिला, लेकिन नौकरी करने के बजाए उन्होंने अपनी मां सपना गुप्ता का सपना पूरा करने की ठानी और सेल्फ स्टडी शुरू की। इससे पहले आकांक्षा ने उत्तराखंड पीसीएस का मेंस भी क्वालीफाई किया था, लेकिन इंटरव्यू क्लीयर नहीं कर पाईं। यूपीपीएससी में इंटरव्यू के करीब तक पहुंच कर रह गईं थीं।

## पार्षद के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एनएच विभाग द्वारा पार्षद के विरूद्ध दूधिया मंदिर के पास नवनिर्मित मीडियन तोड़ने की रपट दर्ज कराई गई है। दर्ज रपट में गिरीश चन्द्र जोशी प्रतिनिधि काशीपुर सितारगंज हाइवेज प्राइवेट लिमिटेड ने कहा है कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण भारत सरकार द्वारा काशीपुर- सितारगंज हाइवेज प्राइवेट लिमिटेड को राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 74 के चनेज नंबर 175.000 से 252.000 तक के निर्माण एवं रखरखाव की जिम्मेदारी दी गई है। जिसके मीडियन का निर्माण कार्य चनेज नंबर 214400 दूधिया बाबा मंदिर के पास किया जा रहा है। आरोप है कि बनाये गए मीडियन को (शेष पृष्ठ सात पर)

## खटीमा, रूद्रपुर और पुलभट्टा में पकड़ी लाखों की स्मैक

### तीन नशा तस्कर और एक सट्टेबाज गिरफ्तार, पुलभट्टा में स्मैक के साथ नशे के इंजेक्शन भी बरामद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिले में खटीमा, पुलभट्टा और ट्रांजिट कैम्प पुलिस ने तीन नशा तस्करों को लाखों रूपये की स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है, एक तस्कर से नशे के प्रतिबंधित इंजेक्शन भी बरामद हुए हैं। पुलभट्टा पुलिस की गिरफ्त में एक सट्टा कारोबारी भी आया है। खटीमा की मझौला चौकी क्षेत्र में पकड़ी गयी 104.10 ग्राम स्मैक के मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने बताया कि नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत मुखबिर की सूचना पर राधा स्वामी सत्संग के सामने ग्राम बनगवां थाना खटीमा निवासी विक्रम सिंह उर्फ विक्की पुत्र कश्मीर सिंह के कब्जे से 104.10 ग्राम स्मैक और इलेक्ट्रॉनिक पॉकेट तराजू बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त विक्रम सिंह उपरोक्त के विरुद्ध 167 23 धारा 8:21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। एसएसपी ने बताया किआरोपी को एनपीपीएस कोर्ट रुद्रपुर में पेश कर



न्यायिक रिमांड पर लिया जायेगा। आरोपी को पकड़ने वाली टीम में मझौला चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक संदीप पिलखवाल, कांस्टेबल हरेन्द्र सिंह, बिपिन सिंह, रवि कुमार आदि शामिल थे। उधर पुलभट्टा में स्मैक तस्कर और सट्टा कारोबारी की गिरफ्तारी के मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी और सट्टे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने थाना पुलभट्टा मन्दिर से 50 कदम आगे बहेडी रोड पर शकील सलमानी उर्फ गुड्डू उर्फ नन्हे पुत्र शब्बीर सलमानी निवासी वार्ड न0 11 सुनहरी थाना किच्छा को 6 ग्राम स्मैक और 25 इंजेक्शन एविल, लाईटर डिस्पोजल सीरिंज, मोबाईल और 840 रूपये की नगदी साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि खुद इंजेक्शन का नशा करने का आदि है और बहेड़ी बाजार से एक मेडिकल स्टोर से उक्त इंजेक्शन और स्मैक बेचने हेतु लेकर आया था। नशा करने के तरीके के बारे में पूछने पर शकील ने बताया कि वह लोग एविल (शेष पृष्ठ सात पर)

**कृषि भूमि बिकाऊ**

7 एकड़ कृषि भूमि बिकाऊ है Highway (Rudrapur-Dehradun) से 2 किमी
**लोकेशनः** गदरपुर-गूलरभोज रोड पर
नजदीकी रेलवे स्टेशनःगूलरभोज (6 किमी)
नजदीकी एयरपोर्टः पंतनगर (20 किमी)
नजदीकी शहरः गदरपुर (4 किमी)
okLrfod [kjhnnkj
lidl dj&9891277500

## नगदी समेत दो जुआरी गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मंडी चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान दो जुआरियों को हजारों की नगदी समेत जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के



अनुसार गुलाब सिंह कंबोज, चौकी प्रभारी मंडी के नेतृत्व में का. पवन कंबोज व अरुण राठौर द्वारा मंडी क्षेत्र में गश्त के दौरान दो युवकों को मंडी परिसर से हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुए पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता जितेंद्र जैन उर्फ जीतू पुत्र संतोष कुमार जैन (शेष पृष्ठ सात पर)

## भर्तियों पर विभागों ने लगाया ब्रेक

### विभागों की सुस्ती के चलते कलेंडर के अनुसार नहीं हो पा रही परीक्षाएं

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समूह-ग भर्तियों की रफ्तार बनाने को राज्य लोक सेवा आयोग को भर्तियों की जिम्मेदारी दी। आयोग ने कैलेंडर भी जारी किया लेकिन सरकार के विभागों की सुस्ती की वजह से इस पर ब्रेक लग गए हैं। हालात ये हैं कि नवंबर के बाद से आयोग समूह-ग की कोई नई भर्ती शुरू नहीं कर पाया। राज्य लोक सेवा आयोग ने समूह-ग भर्तियों के लिए एक कैलेंडर जारी किया था। इसमें भर्तियों के लिए पदों की संख्या से लेकर विज्ञापन जारी होने की तिथि और परीक्षा की प्रस्तावित तिथियां बताई गई थीं। कैलेंडर के हिसाब से आयोग ने पुलिस कांस्टेबल, पटवारी-लेखपाल, फॉरेस्ट गार्ड, सहायक लेखाकार, बंदीरक्षक और कनिष्ठ सहायक की भर्तियों के विज्ञापन जारी भी कर दिए। आखिरी विज्ञापन कनिष्ठ सहायक का नवंबर के अंतिम सप्ताह में जारी किया था। इसके बाद से आयोग ने कोई नई भर्ती नहीं निकाली। आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत का कहना है कि कई भर्तियों के लिए प्रस्ताव (अधियाचन) तो आए लेकिन बाद में उसमें नियमावली आदि से संबंधित संशोधन की वजह से विज्ञापन जारी नहीं हो पाए। उन्होंने बताया कि विभागों के स्तर से नियमावली संशोधन की प्रक्रिया चल रही है। आयोग की ओर से मार्च महीने में मानचित्रकार व प्रारूपकार भर्ती निकाली जानी थी। ये भर्ती भी समय से शुरू नहीं हो पाई। आयोग के सचिव जीएस रावत के मुताबिक, इन भर्तियों को निकालने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। करीब 60 पदों पर इससे भर्ती की जाएगी।

## अलग स्थानों से तीन शराब तस्कर पकड़े

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने गश्त के दौरान अलग अलग स्थानों से तीन शराब तस्करों को अवैध शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार रम्पुरा चौकी के कांस्टेबल अमित जोशी व महेन्द्र कुमार ने गश्त के दौरान गुरूद्वारा गेट के सामने वाले मार्ग पर एक व्यक्ति को संदिग्ध रूप से जाते देखा। जब वह पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगा तो पुलिस कर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना (शेष पृष्ठ सात पर)

# गिरफ्तारी के बाद निलंबित कोच जमानत पर रिहा

## तीन प्रशिक्षु महिला खिलाड़ियों के यौन उत्पीड़न के आरोप में पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज हुआ था मुकदमा

देहरादून (उद संवाददाता) नाबालिग समेत तीन प्रशिक्षु महिला खिलाड़ियों के यौन उत्पीड़न मामले में गिरफ्तार आरोपित क्रिकेट एसोसिएशन आफ उत्तराखंड (सीएयू) के निलंबित



पदाधिकारी व लिटिल मास्टर क्रिकेट क्लब के संचालक व कोच नरेंद्र शाह को कोर्ट से जमानत देकर रिहा कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि आरोपित के खिलाफ जो धाराएं हैं सब में सजा सात साल से कम हैं। ऐसे में आरोपित को जेल नहीं भेजा जा सकता है। आरोपित के विरुद्ध तीनों प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने नेहरू कालोनी थाने में छेड़छाड़, एससी-एसटी एक्ट और पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करवाया था। आरोपित भारतीय महिला क्रिकेट टीम की एक सीनियर खिलाड़ी का कोच भी रहा है। इससे पहले मंगलवार देर शाम आरोपित नरेंद्र शाह को पेट में दर्द की शिकायत पर दून अस्पताल से चिकित्सकों ने रेफर कर दिया था, जिसके बाद उन्हें ऋषिकेश स्थित एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) में भर्ती कराया गया था। गुरुवार शाम को एम्स से छुट्टी मिलते ही पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी भी पांच घंटे बाद दिखाई। नेहरू कालोनी के थानाध्यक्ष लोकेंद्र बहुगुणा ने बताया कि शुक्रवार को आरोपित को ड्यूटी मजिस्ट्रेट एसीजेएम-4 अभिषेक श्रीवास्तव की कोर्ट में पेश किया। पुलिस ने अदालत को बताया कि आरोपित पर लगे आरोप गंभीर हैं। वह बाहर रहकर गवाहों को प्रभावित कर सकता है, इसलिए उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जाए। अदालत ने कहा कि आरोपित कोच पर लगी धाराओं में सजा सात साल से कम है। सर्वोच्च न्यायालय की गाइडलाइन के अनुसार सात साल से कम सजा वाले आरोपित को न्यायिक हिरासत में नहीं भेजा जा सकता। ऐसे में कोर्ट ने आरोपित को 10 हजार रुपये के निजी मुचलके पर जमानत पर रिहा कर दिया। दो सप्ताह पूर्व इंटरनेट मीडिया पर एक आडियो तेजी से प्रसारित हुआ था, जिसमें एक व्यक्ति एक लड़की से अश्लील बातें और गाली-गलौज कर रहा था। इसके बाद लिटिल मास्टर क्रिकेट क्लब के संचालक व कोच और क्रिकेट एसोसिएशन आफ उत्तराखंड के पदाधिकारी नरेंद्र शाह ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की, जिन्हें स्वजन ने दून अस्पताल में भर्ती कराया था। इसके बाद सोल मीडिया पर प्रसारित हो रहे उक्त आडियो को नरेंद्र शाह का बताया गया। बीते कुछ दिन पहले मामले में तीन प्रशिक्षु महिला खिलाड़ी भी सामने आई और पुलिस में नरेंद्र शाह के खिलाफ छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया। तीनों प्रशिक्षु खिलाड़ी नरेंद्र शाह के क्लब की ही बताई जा रही हैं। इनमें एक नाबालिग भी शामिल है। क्रिकेट एसोसिएशन आफ उत्तराखंड ने भी प्रकरण सामने आने के बाद नरेंद्र शाह को सभी पदों से निलंबित कर दिया था। सीएयू की ओर से उसे पूर्व में पर्वतीय क्रिकेट एसोसिएशन चमोली के सचिव व जूनियर महिला क्रिकेट के समन्वयक की जिम्मेदारी दी गई थी। मामला गंभीर होने के चलते बाल आयोग सहित अन्य कई संगठन कोच के विरोध में उतरे और उसके खिलाफ प्रदर्शन किया।

## कोच की जमानत के खिलाफ हाईकोर्ट जाएगा बाल आयोग

### बाल आयोग की पूर्व अध्यक्ष ने केंद्र सरकार और बीसीसीआई को लिखा पत्र

देहरादून। नाबालिग समेत तीन प्रशिक्षु महिला क्रिकेटर के यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी कोच नरेंद्र शाह की जमानत खारिज कराने के लिए उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग हाईकोर्ट में याचिका दायर करेगा। आयोग हाईकोर्ट में केस की मजबूत पैरवी के लिए प्रदेश सरकार को भी पत्र भेजेगा।उत्तराखंड बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. गीता खन्ना के अनुसार, आरोपी कोच को सलाखों के पीछे होना चाहिए था, लेकिन उसे जमानत मिल गई है। उन्होंने पुलिस की जांच पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि कहीं न कहीं जांच में चूक हुई है। प्रदेश सरकार को इस संबंध में पत्र भेजा जाएगा, जिससे हाईकोर्ट में सरकार की ओर से भी मजबूत पैरवी की जा सके। उन्होंने कहा कि तीनों प्रशिक्षु महिला क्रिकेटर में एक नाबालिग भी है। आयोग पूर्व में पीड़िता के बयान दर्ज कर चुका है। इसको लेकर आयोग अपने स्तर से जांच करेगा। उत्तराखंड बाल अधिकार संरक्षण आयोग की पूर्व अध्यक्ष ऊषा नेगी ने कहा कि आरोपी नरेंद्र शाह को जमानत मिलने के पीछे पुलिस जिम्मेदार है। पोक्सो एक्ट में किसी भी कीमत पर आरोपी को जमानत नहीं मिल सकती है, लेकिन ऐसा इस केस में देखने को मिला है। नेगी ने कहा कि आरोपी कोच नरेंद्र शाह के साथ प्रकरण में कुछ अन्य नाम भी शामिल हो सकते हैं। ऐसे में सभी के नाम सामने आने चाहिए। ऐसे में उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय जांच के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, बीसीसीआई को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि पर्दे के पीछे के बड़े नामों को भी उजागर किया जाएगा।

## एसआईटी ने पटवारी लेखपाल पेपर लीक प्रकरण में 60 आरोपियों के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

हरिद्वार। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के पटवारी लेखपाल पेपर लीक प्रकरण में एसआईटी ने जांच और गिरफ्तारियों के बाद 20 आरोपियों और 40 अभ्यर्थियों के खिलाफ विजिलेंस कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किए हैं। जबकि, एई-जेई परीक्षा पेपर लीक प्रकरण में एसआईटी की जांच अभी जारी है। जल्द ही, इस प्रकरण में भी एसआईटी आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करने की तैयारी में है। बीते जनवरी में उत्तराखंड एसटीएफ ने लेखपाल भर्ती परीक्षा पेपर लीक प्रकरण का भंडाफोड़ करते हुए लोक सेवा आयोग के अनुभाग अधिकारी संजीव चतुर्वेदी, उसकी पत्नी रितु समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जिसके बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर एसएसपी अजय सिंह के पर्यवेक्षण और एसपी क्राइम रेखा यादव के नेतृत्व में एसआईटी गठित की गई थी। जांच में एई-जेई परीक्षा का प्रश्नपत्र भी लीक होने का खुलासा हुआ था। इसके बाद एसआईटी ने दोनों प्रकरण में अभी तक लगभग 40 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। लेखपाल भर्ती परीक्षा प्रकरण की जांच करते हुए एसआईटी ने लोकसेवा आयोग के निलंबित अनुभाग अधिकारी संजीव चतुर्वेदी, दूसरे अनुभाग अधिकारी संजीव कुमार, चतुर्वेदी की पत्नी रितु, मास्टरमाइंड पॉलिटेक्निक शिक्षक राजपाल, उसके भतीजे संजीव दुबे, पूर्व भाजपा नेता संजय धारीवाल, प्रमोद, रामकुमार, सोनू उर्फ खड़कू, दीपक, सौरभ, अंकुश, अभयराम, सुरेश उर्फ मंतु, धर्मेन्द्र, देवी सिंह, अनुराग पांडेय, डेविड, सुधीर, सतवीर और 40 अभ्यर्थियों को आरोपी बनाते हुए कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया है। एसआईटी के पर्यवेक्षण अधिकारी एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि आरोप पत्र विजिलेंस कोर्ट देहरादून में दाखिल कर दिया गया है। बताया कि आयोग ने 44 अभ्यर्थियों को पांच साल के लिए प्रतिबंधित किया है। जिन 20 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल हुई है, उनमें तीन आरोपियों ने अभ्यर्थी के तौर पर परीक्षा भी दी थी। जबकि, एक अभ्यर्थी ने प्रश्न पत्र खरीदा, लेकिन परीक्षा नहीं दी थी, उसे भी आरोपी बनाया गया है। आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में कड़े साक्ष्य उपलब्ध कराने के लिए एसआईटी ने उनके मोबाइल फोन व अन्य साक्ष्य को देहरादून, शिमला व चंडीगढ़ की प्रयोगशालाओं में भेजा है। ताकि कोर्ट में आरोपियों के खिलाफ ज्यादा से ज्यादा आरोप साबित हो सके और उन्हें सजा दिलाई जा सके। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि लोकसेवा आयोग के अनुभाग अधिकारियों पर लोक सेवा होते हुए प्रश्नपत्र को लीक करने, भ्रष्टाचार समेत गंभीर आरोप है जबकि अन्य आरोपियों पर प्रश्नपत्र लीक प्रकरण में शामिल होने समेत अन्य आरोप में चार्जशीट दाखिल की गई है। एसआईटी द्वारा दाखिल चार्जशीट में शामिल अभ्यर्थियों में संदीप कुमार, अमित, मीनू, अनुराधा, निशा (सभी निवासी सहारनपुर), डिम्पल, नितेश, अमित कुमार, राहुल, सचिन, नितिन कुमार, चांदवीर, अजय कुमार, पार्थ चौधरी, शाहरुख, विपिन कुमार, मनोज वर्मा, विशाल कुमार, अर्जुन कुमार, राजकुमार, अजय कुमार, आदित्य परमा, चंद्रशेखर, दीपक कुमार, सौरव सैनी, विनीत कुमार, अंकित, सोबित कुमार, दीपक कुमार, राहुल सैनी, दीपक कश्यप, जोनी सिंह बकरवाल, पोन्टू, अजय कुमार, पंकज कुमार, नीरज कुमार, विक्की कुमार, अंकुश (सभी निवासी हरिद्वार), सूरज लोधी, निवासी डोईवाला, देहरादून और कमलेश जोशी निवासी लोहाघाट शामिल है।

## सर्च ऑपरेशन में तीन बच्चों के अधजले शव हुए बरामद

विकासनगर। त्यूनी में हुए भीषण अग्निकांड के शिकार हुए चार मासूमों में से तीन के अधजले शव बरामद कर लिए गए। परिजनों ने कलेजे पर पत्थर रखकर बच्चों की पहचान की। बीते बृहस्पतिवार की रात को ही एसडीआरएफ के जवानों ने टार्च और सर्च लाइट की मदद से बच्चों के शवों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया था।देर रात ही दो बच्चों के अधजले शव बरामद कर लिए गए थे। ऑपरेशन सुबह 4:30 बजे तक चला। सुबह सात बजे फिर से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। करीब नौ बजे एक अन्य बच्चे का शव बरामद हुआ। चौथे बच्चे के शव को बरामद करने के लिए एसडीआरएफ का सर्च ऑपरेशन देर शाम तक जारी रहा। देर रात एसएसपी दलीप सिंह कुंवर और एसपी देहात कमलेश उपाध्याय मौके पर पहुंचीं। उन्होंने सर्च ऑपरेशन का जायजा लिया। सुबह बच्चों की शिनाख्त के लिए परिजन पहुंचे। बच्चों के अधजले शव देख परिजन बिलख-बिलख कर रोने लगे। कलेजे पर पत्थर रखकर परिजनों ने अपने बच्चों की पहचान की। थानाध्यक्ष त्यूनी आशीष रवियान ने बताया कि अधिरा (5) के अधजले शव पर कपड़े चिपके हुए थे। जिस आधार पर परिजनों ने उसकी शिनाख्त की। वहीं कद के आधार पर परिजनों ने सोनम (9) की पहचान की, जबकि एक बच्चे का अधजला हाथ मिला। जिसके आधार पर परिजनों ने उसकी पहचान समृद्धि उर्फ रिद्धी (9) के रूप में की। थानाध्यक्ष ने बताया कि पंचायतनामा और पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए। टौंस नदी किनारे गमगीन माहौल में तीनों बच्चों के शवों का अंतिम संस्कार किया गया। नम आंखों से उन्हें विदाई दी गई। मकान में लगी आग ने तीन सगी बहनों के बच्चे लील लिए। इस हृदय विदारक घटना ने पूरे क्षेत्रवासियों को झकझोर कर रख दिया है। बच्चों की पढ़ाई के लिए तीनों परिवार कुछ ही दिन पहले इस मकान में साथ रहने के लिए इकट्ठा हुए थे, लेकिन आग की घटना ने परिवारों से उनके बच्चों को ही छीन लिया।

# जनरल बिपिन रावत के नाम से जाना जाएगा लैंसडोन : धामी

## सीएम ने किया चौबट्टाखाल में करोड़ों की विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

चौबट्टाखाल। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को चौबट्टाखाल में करोड़ों रुपये की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। राजकीय डिग्री कॉलेज चौबट्टाखाल के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनरल बिपिन रावत गढ़वाल ही नहीं अपितु देश का गौरव थे। उनके नाम पर लैंसडौन का नाम रखने के लिए केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जाएगा। कहा कि प्रदेश में जल्द ही समान नागरिक संहिता कानून लागू होने जा रहा है। इस मौके पर सीएम ने 9159.04 लाख रुपये की 11 योजनाओं का शिलान्यास एवं 3752.70 लाख रुपये से निर्मित 11 कार्यों का लोकार्पण किया।क्षेत्र में पहली बार पहुंचने पर सीएम का जोरदार स्वागत किया गया। सभा में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशन में उत्तराखंड में न भूतो न भविष्यति की तर्ज पर विकास हो रहा है। प्रदेश में अति शीघ्र समान नागरिक संहिता कानून लागू होने वाला है। समान नागरिक संहिता लागू करने वाला पहला राज्य उत्तराखंड होगा। प्रदेश की प्रतियोगी परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए कड़े नकल विरोधी कानून में उम्रकैद और सारी संपत्ति जब्त करने तक का प्रावधान किया गया है। विभिन्न परीक्षाओं में नकल के 92 आरोपी जेल की सलाखों के पीछे हैं। धर्म के नाम पर सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण चिन्हित कर उन्हें हटाया जाएगा। इस तरह के मामलों में संलिप्त लोगों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि नकल विरोधी कानून से जिन लोगों की दुकानें बंद हुई हैं। वे बौखला गए हैं। प्रदेश में रेलवे, सड़क, पर्यटन शिक्षा, चिकित्सा आदि के क्षेत्र में विकास के नए कीर्तिमान स्थापित किए जा रहे हैं। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने लैंसडौन का नाम देश के प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत के नाम पर रखने का सुझाव दिया। कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निदान हो रहा है। भाजपा पोखड़ा मंडल अध्यक्ष प्रभुशरण की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का संचालन गिरीश सुंद्रियाल ने किया। इस मौके पर विधायक लैंसडौन दलीप रावत, पौड़ी विधायक राजकुमार पोरी, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष राजेंद्र अणथ्वाल, पोखड़ा की ब्लाक प्रमुख प्रीति देवी, एकेश्वर ब्लॉक प्रमुख नीरज पांथरी, पौड़ी भाजपा की जिलाध्यक्ष सुषमा रावत आदि मौजूद थे। सीएम की घोषणाओं में डिग्री कॉलेज पोखड़ा में भवन निर्माण की स्वीकृति। डिग्री कॉलेज वेदीखाल में भवन मरम्मत




व स्नातक स्तर पर विज्ञान वर्ग में गणित व भौतिक विज्ञान विषयों की स्वीकृति। सतपुली के निकट दंगलेश्वर महादेव मंदिर के निकट स्नानघाट व मंदिर का स्थलीय विकास। कन्या हाई स्कूल सतपुली का राजकीय इंटर कॉलेज सतपुली में एकीकरण की स्वीकृति। चौबट्टाखाल में केंद्रीय विद्यालय की स्वीकृति के संबंध में केंद्र को प्रस्ताव भेजने व राजकीय डिग्री कॉलेज चौबट्टाखाल में स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति। विकासखंड पाबौ के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज गडिगांव में भवन निर्माण। बीरोंखाल के राजकीय हाईस्कूल कोठा में तीन अतिरिक्त कक्षा-कक्षों के निर्माण की स्वीकृति। जनता इंटर कॉलेज कोलाखाल, पोखड़ा में इंटर स्तर पर पद एवं वित्त की मान्यता। एकेश्वर के महादेव में क्षतिग्रस्त पुश्ते के निर्माण की स्वीकृति। 9159.04 लाख की 11 योजनाओं का शिलान्यास डिग्री कॉलेज चौबट्टाखाल में 290.55 लाख के पुस्तकालय भवन एवं बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण, 308.20 लाख से 24 बेड के पर्यटक आवास गृह का निर्माण, नगर पंचायत सतपुली के कार्यालय भवन लागत 161.44 लाख का निर्माण, बीरोंखाल के आवासीय भवन टाइप-2 संख्या-2 निर्माण लागत 45.00 लाख का काम, राज्य योजना के बीरोंखाल के फरसाड़ी-गड़कोट-छाछरो मार्ग का सुधारीकरण एवं डामरीकरण का कार्य (द्वितीय चरण) लंबाई 2.00 किमी. लागत 127.19, देवराजखाल जयखाल मार्ग के मध्य धरतीली बैंड तक डामरीकरण सुदृढ़ीकरण, देवराजखाल- जयखाल के मध्य घरतोली बैंड तक लागत 62.45 लाख के डामरीकरण, सुदृढ़ीकरण, पोखड़ा के लटीबो दलीबो नाई मार्ग लागत 142.71 लाख से डामरीकरण सुदृढ़ीकरण, हलूणी पेयजल योजना का 112.93 लाख से होगा निर्माण, भूमियाखांडा किंगोडीधार पंपिंग योजना लागत 2501.32 लाख, वेदीखाल ग्राम समूह पंपिंग पेयजल योजना लागत 2284.84 लाख, बरसुंडा देवता ग्राम समूह पंपिंग पेयजल योजना लागत 3122.41 लाख की योजनाओं का निर्माण होगा। राजकीय डिग्री कालेज सतपुली भवन 306.40 लाख का निर्माण, अनावासीय मुख्य भवनों का निर्माण लागत 224.00 लाख, पोखड़ा में देवराठी सेडियाखाल, लखोली, उबोट, गवांणी मोटर मार्ग में डामरीकरण लागत 142.60 लाख, आवासीय भवन टाइप-4 भवन निर्माण कार्य का लागत 50.00 लाख, एकेश्वर श्रोत सवर्द्धन पेयजल योजना लागत 493.46 लाख, कोट मल्ला से कोट तल्ला कड़िया कुलासू रीठाखाल मार्ग पर 70 मीटर स्पान स्टील ट्रस मोटर सेतु का निर्माण लागत 955.74 लाख, सतपुली से उलखेत मार्ग स्टेज-1 व 2, लंबाई 5.117 किमी. का 327.30 लाख से होगा निर्माण, सतपुली से हलूणी मार्ग स्टेज-1 व 2 लंबाई 1.975 किमी मार्ग लागत 123.30 लाख, 244.37 लाख से सासों से मासो इंटर कालेज मोटर मार्ग, 279.54 लाख से निर्मित चम्पेश्वर झंगरबो मार्ग, 605.99 लाख से झवेरा लिंक जजेड़ी मार्ग का निर्माण होगा।

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

मकान बिकाऊ है
15 x 45 का एक मकान ( रजिस्ट्रीशुदा ) शांति कालोनी निकट अग्रसेन अस्पताल रूद्रपुर में बिकाऊ है।
-सम्पर्क करें-
मो. 8191024718

मकान बिकाऊ
भगत सिंह चौक रूद्रपुर में 15x30 में बना पांच मंजिला कामर्शियल (फ्रीहोल्ड) भवन बिकाऊ है।
संपर्क करें
7017360462

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

# आइसा सम्मेलन में जिला कार्यकारिणी गठित

रामनगर (उद संवाददाता)।छात्र संगठन आइसा का नैनीताल जिला सम्मेलन आयोजित हुआ जिसमे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। ग्यारह सदस्यीय जिला कार्यकारिणी में धीरज कुमार जिला अध्यक्ष, नेहा आर्य व संजना यादव उपाध्यक्ष, विकास सक्सेना सचिव, हेमा जोशी व सविता कुमारी उप सचिव, नीरज सिंह को प्रचार सचिव तथा सुमित, सुहानी, ज्योति फर्त्याल को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। सम्मेलन में नई शिक्षा नीति को छात्र विरोधी, निजीकरण हितैषी व पाठ्यक्रम में बदलाव को भारतीयता की बहुलतावादी अवधारणा के विरुद्ध करार दिया गया। बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए आइसा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और गढ़वाल विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि शिक्षा रोजगार का सवाल आज देश और प्रदेश का महत्वपूर्ण सवाल है। किसी भी देश के आगे बढ़ने के लिए जरूरी है कि शिक्षा और रोजगार के अवसर न्यायपूर्ण तरीके सब को उपलब्ध हों। लेकिन पूरे देश के पैमाने पर शिक्षा से बड़े हिस्से को खास तौर पर वंचित तबकों को धकेलने का बंदोबस्त नई शिक्षा नीति के जरिये कर लिया गया है।उन्होंने कहा कि साहित्य और इतिहास के सिलेबस में जिस तरह का बदलाव किया जा रहा है वह युवाओं को पढ़ने- लिखने के बावजूद अज्ञानी बनाए रखने का षड्यंत्र है। सिलेबस का यह बदलाव सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का




एक और निंदनीय प्रयास है। इंद्रेश मैखुरी ने कहा कि भाजपा शासित उत्तराखंड युवाओं के सपनों, आकांक्षाओं और रोजगार के अवसरों की लूट के बड़े किले के रूप में उभरा है। देश के छात्र- युवाओं को शहीद-ए-आजम भगत सिंह और बाबा साहेब अंबेडकर के सपनों का हिंदुस्तान बनाने के लिए शिक्षा और संघर्ष के मोर्चे पर मजबूती से खड़े होना चाहिए। डा. कैलाश पाण्डेय ने कहा कि सरकार नई शिक्षा नीति की आड़ में असल में न केवल शिक्षा के निजीकरण को तेज कर रही है बल्कि पाठ्यक्रमों में अंधविश्वास, रूढ़िवादिता को बढ़ावा दे भारतीय संविधान की मूलभूत संरचना की ही धज्जियां उड़ा रही है। हमें ऐसी शिक्षा नीति के लिए संघर्ष तेज करना होगा जो न केवल नि:शुल्क सरकारी व्यवस्था हो बल्कि भारतीय संविधान के तहत समता, समानता, समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों को मजबूत करती हो। अतुल सती ने कहा कि अपनी स्थापना के वर्ष 1990 से ही आइसा ने छात्र नौजवानों के बुनियादी सवालों पर जुझारू पहलकदमी लेते हुए अपनी क्रांतिकारी छवि बनाई है। उत्तराखण्ड में भी आइसा का संघर्षों का इतिहास रहा है। इस दौरान धीरज कुमार, ललित मटियाली, विकास सक्सेना, सुमित, नेहा आर्य, हेमा जोशी, रेखा आर्य, नीरज सिंह, संजना यादव, सुहानी कोहली, सविता, संदीप कोहली, करिश्मा आर्य, कोमल, निकिता, ज्योति, सिमरन, प्राची, तक्की, भावना, शबाना खातून, आकांक्षा, रवि जंगी, करन कुमार, विजय कुमार, वंश, अजय, हर्षित, ज्योति सिंह, विशाल प्रजापति, मनीषा आर्य, रवीना, निधि, अंजली, अभिषेक शाह, पूजा, अमन, कविता, निधि, हिमानी, श्वेता, सुशीला, अमीषा, वैजयंती, भूमिका दास, सरिता, रीना, उर्मिला, आबिदा, शालिनी, खुशी, भावना, रीतू प्रजापति, रचना, निशा, मनीषा कोहिली, अदिति, पूजा कुमारी, विवेक कुमार, हिमांशु आदि छात्र छात्राओं ने भागीदारी की। जिला सम्मेलन में सर्वसम्मति से कई प्रस्ताव भी पारित किये गये। सम्मेलन के पश्चात नगर में आइसा ने जुलूस निकाला।

# फलदार पौधों के बगीचे से उद्यान विभाग का बढ़ा बारह गुना राजस्व

बागेश्वर (उद संवाददाता)। उद्यान विभाग की नर्सरी में तैयार लीची, आम तथा अनार के पौधे एक लाख, 11 हजार में बिक गए हैं।उद्यान विभाग के प्रभारी की मेहनत और कार्यकुशलता से विभाग को पहली बार ऊची बोली मिली है, वही अन्य वर्षों की भांति लगभग 12 गुना अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई है। विकास भवन में जिला उद्यान अधिकारी आरके सिंह ने निविदा खोली।इस दौरान बागेश्वर नर्सरी में उगी फलदार पौधों की नीलामी प्रक्रिया में अब तक कि सबसे बड़ी बोली उठी है, बोलीदाताओं ने उद्यान प्रभारी की नर्सरी को देखते हुए बगीचे की फसल खरीदने के लिए पहली बार ऊंची बोली लगाई है, पूर्व में जहा उद्यान विभाग की नर्सरी दस हजार रुपए तक नीलाम होती थी, अभी नर्सरी को एक लाख 11 हजार रुपए की बोली लागत मिली है,वही उद्यान प्रभारी प्रमोद सिंह राणा द्वारा नर्सरी में अच्छे उत्पादन के लिए मेहनत की थी। जिसके चलते विभाग कोपहली बार पूर्व के वर्षों से लगभग 12 गुना अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई है,वही उद्यान अधिकारी आर के सिंह ने बताया कि नर्सरी के प्रभारी द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है, जिसके चलते विभाग के राजस्व में भी वृद्धि हुई है।



# वन आरक्षी परीक्षा की तैयारियों के लिए दिशा निर्देश

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। नौ अप्रैल को आयोजित होने वाली उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की वन आरक्षी परीक्षा 2022 की आवश्यक तैयारियों को लेकर अपर जिलाधिकारी सीएस मर्तोलिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने सभी परीक्षा केंद्रों के लिए नामित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को परीक्षा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट सौंपे गए परीक्षा केंद्रों पर जाकर सभी व्यवस्थाओं को परीक्षा से पूर्व देख लें। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि परीक्षा केंद्र पर बिजली, पानी एवं अन्य सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त हों। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सभी दिशा निर्देशों का भली भांति पालन करें, तथा नियमानुसार परीक्षा संपन्न कराने की सभी प्रक्रियाओं का पालन किया जाए। परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की समस्या आने पर लोक सेवा आयोग द्वारा जनपद हेतु नामित आयोग प्रतिनिधि से सम्पर्क करने के निर्देश दिए गए हैं। अपर जिलाधिकारी ने सभी सैक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिये कि परीक्षा आरम्भ होने से पूर्व सभी तैयारियों को अवश्य रूप से जॉच लें ताकि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की समस्या न आये। उन्होंने कहा कि इस परीक्षा में लगे सभी कार्मिक समय से पूर्व अपने आवंटित परीक्षा केन्द्रों में



पहुॅचना सुनिश्चित करें। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि परीक्षा केन्द्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात करना सुनिश्चित करें। साथ ही फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी एवं कोरोना संक्रमण से संबंधित गाइडलाइन का पालन करने के भी निर्देश संबंधितों को दिएउन्होंने बताया कि अल्मोड़ा जिला मजिस्ट्रेट द्वाराहाट जयवर्धन शर्मा ने बताया कि 9अप्रैल उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार द्वारा आयोजित वन आरक्षी परीक्षा की लिखित परीक्षा2022 के सफलतापूर्वक संचालन में कतिपय असामाजिक तत्वों द्वारा परगना द्वाराहाट अन्तर्गत पड़ने वाले परीक्षा केन्द्रों राजकीय पॉलीटेक्निक, अटल उत्कर्ष राजकीय इण्टर कालेज, डा0 लीलाधर भटट् विवेकानन्द विद्या मन्दिर, स्व0 भवानी दत्त राजकीय बालिका इण्टर कालेज में शान्ति एवं कानून व्यवस्था भंग करने की सम्भावना है। उन्होंने बताया कि परगना द्वाराहाट अन्तर्गत पड़ने वाले परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के सम्पादन में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 के प्राविधानों के तहत निषेधाज्ञायें लागू हैउन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति परगना द्वाराहाट अन्तर्गत पड़ने वाले परीक्षा केन्द्रों के 200 मी0 की परिधि के अन्दर अस्त्र-शस्त्र, अग्नेयास्त्र, धारदार हथियार, लाठी डन्डा लेकर नहीं चलेगा। किन्तु यह आदेश सुरक्षा बलों, शान्ति व्यवस्था में लगे कार्मिकों, अर्धसैनिक बलों, पी0एस0सी0 पर लागू नहीं होगा। परीक्षा केन्द्रों के 200 मी0 की परिधि के अन्दर किसी भी बाहरी व्यक्ति की प्रविष्टि निषिद्ध होगी, किन्तु यह आदेश परीक्षार्थी एवं शान्ति व्यवस्था में तैनात पुलिस बलों आदि व परीक्षा केन्द्र पर डयूटी में तैनात प्राधिकृत व्यक्तियों एवं राहगीरों पर प्रतिबन्धित नहीं है। परीक्षा केन्द्र के आस-पास परीक्षा को प्रभावित करने के उद्देश्य से 05 या इससे अधिक व्यक्ति एक झुण्ड बनाकर एक स्थान पर एकत्रित नहीं होगें। यह आदेश नियत परीक्षा तिथि 09 अप्रैल, 2023 को प्रात: 10:00 बजे से अपरान्ह् 02:00 बजे तक लागू रहेगा बशर्ते कि इससे पूर्व इसे निरस्त न कर दिया जाये।

# संस्कृत विद्यालय के शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। संस्कृत शिक्षकों के प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहत संस्कृत निदेशालय हरिद्वार में चल रहे आंदोलन का कुमाऊं मंडल में भी असर नजर आने लगा है। गत दिवस कुमाऊं मंडल के समस्त संस्कृत विद्यालय के प्रबंधक, संस्कृत शिक्षकों ने प्रदेश व्यापी आंदोलन का समर्थन किया । उत्तराखंड के संस्कृत शिक्षकों का धरना आज भी उत्तराखंड संस्कृत निदेशालय हरिद्वार में जारी रहा। संस्कृत विद्यालयों में अवकाश होने के कारण धरना स्थल पर हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून से समस्त संस्कृत विद्यालयों के शिक्षक बड़ी तादाद में पहुँचे। मानदेय से वंचित 126 प्रबन्धकीय संस्कृत शिक्षकों ने संस्कृत शासन-प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। 126 संस्कृत शिक्षकों के प्रदेश अध्यक्ष भगवती बिजल्वाण ने कहा कि धरने में बैठने वाले संस्कृत शिक्षक अपने-अपने विद्यालय में समस्त विद्यालयी गतिविधियों में भी अपना पूरा योगदान दे रहे है। विद्यालय समय के बाद सभी शिक्षक अपने वाहनों में धरना स्थल पर पहुँच रहे है। उन्होंने कहा कि 8 अप्रेल से उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद हरिद्वार के सानिध्य में संस्कृत विद्यालयों की बोर्ड परीक्षाएँ प्रारम्भ हो रही है। इन परीक्षाओं में भी समस्त संस्कृत शिक्षक सभी परीक्षा केंद्रों पर कक्ष- निरीक्षक के रूप में पूरा सहयोग करेंगे और दैनिक परीक्षा समाप्त होने के बाद धरना स्थल पर पहुँचेंगे। हरिद्वार में चल रहे धरना प्रदर्शन का समर्थन करते हुए कुमाऊं मण्डल में भी धरने का प्रभाव दिखा। उन्होंने भाजपा सरकार से मांग है कि शीघ्रताशीघ्र मानदेय की सूची शासनादेश के द्वारा लाया जाय। इस अवसर पर साकूत पाठक, धीरज जोशी, राकेश पन्त, मोहित जोशी, दीप जोशी, कृष्ण चन्द्र पाण्डेय आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# आए दिन फीडर खराबी व विद्युत फॉल्ट के चलते उपभोक्ता परेशान

बागेश्वर(उद संवाददाता)।काफलिगैर तहसील के गांवो में विद्युत आपूर्ति बाधित रहने से उपभोक्ता परेशान है,काफलीगैर उपकेन्द्र में धुराफाट और रिठागाड क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था संचालित होती है, उपकेन्द्र से धुराफाट क्षेत्र के लोगों की पेयजल समस्या के समाधान के लिए पम्पिंग योजना संचालित होती है, वही आए दिन विद्युत व्यवस्था बाधित होने से उपभोक्ताओं को फजीहत झेलनी पड़ती है,आए दिन विद्युत लाइन में फॉल्ट आने से उपभोक्ताओं को अंधेरे में रात काटनी पड़ती है, कही बार ऊर्जा निगम के अधिकारियों को शिकायत के बाद भी कोई सुध नही लिए जाने से उपभोक्ताओं में रोष है, वही व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को भी नुकसान उठाना पड़ता है,व्यवसायिक उपभोक्ता पूरन सिंह रौतेला, गणेश मिश्रा,अशोक बिष्ट,जिपं सदस्य चन्दन रावत, क्षेपं सदस्य कुंदन रावत, हरीश मेहता,पूरन सिंह असवाल, देवेंद्र सिंह मेहता के.गणेश सिंह मेहता ने ऊर्जा निगम पर कोताही बरतने, फॉल्ट के चलते विद्युत उपकरण फूंकने का आरोप लगाया, वही जिलाधिकारी से लापरवाही बरतने वाले ऊर्जा निगम के अधिकारियों पर कार्यवाही करने की मांग की।

# हादसे में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रपट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत दिवस गदरपुर मार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की हुई मौत के मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। दर्ज रपट में पिपलिया नंबर एक गदरपुर निवासी राजेश पुत्र सुभाष मंडल ने कहा है कि उसका भाई राजू मण्डल 5अप्रैल को रात्रि को एमबी प्लाईवुड कम्पनी में काम करके घर लौट रहा था। तभी ग्राम खानपुर नंबर एक में पैट्रोल पम्प के पास किसी अज्ञात वाहन चालक ने तेजी से वाहन चलाते हुए उसके भाई को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप सें घायल हो गया। 108 एम्बुलेंस से भाई को जिला अस्पताल लाया गया। जहां डक्टरों द्वारा उसकी गंभीर हालात को देखते हुए उसे हाई सेन्टर रेफर कर दिया गया। राजेश का कहना है राममूर्ति अस्पताल ले जाते समय उसके भाई ने दम तोड़ दिया तथा डाक्टरों द्वारा उसे मृत घेषित कर दिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चोरों ने दो घरों से लाखों के जेवरात और नगदी उड़ाई

गदरपुर(उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों ने दो घरों के ताले तोड़कर लाखों के जेवरात व हजारों रुपये की नकदी पर हाथ साफ कर लिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया और आसपास के लोगों से पूछताछ की। गृहस्वामियों ने घटना की थाने में तहरीर देकर खुलासे की मांग की है। ग्राम सरदार नगर निवासी गोकुल खेड़ा अपनी पत्नी सत्या खेड़ा के साथ पांच अप्रैल को अपने पुत्र प्रभात खेड़ा से मिलने के लिए विदेश यात्रा पर न्यूजीलैंड गए थे। गुरुवार की रात्रि अज्ञात चोर मेन गेट और घर का ताला तोड़ अंदर घुस गए। उन्होंने घर में रखी अलमारियों के ताले तोड़कर पांच हजार की नगदी, पांच तौले सोने-चांदी के जेवरात और पुराने सिक्कों पर हाथ साफ कर लिया। चोरों ने घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर रहने वाले प्रवीण गुंबर के घर के भी ताले तोड़ डाले। प्रवीण गुंबर अपनी पत्नी सुरजीत कौर के साथ ग्राम रतनपुरा अपनी ससुराल गए थे। शुक्रवार को जब वह घर लौटे तो ताले टूटे देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। चोरों ने घर की अलमारी तोड़कर 51 हजार रुपये की नगदी और दो तोले सोने के जेवरात चोरी कर लिये। एक साथ चोरी की दो घटनाओं की जानकारी होने पर थाना अध्यक्ष राजेश पांडेय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गृह स्वामियों से जानकारी हासिल की। वहीं गृह स्वामियों ने थाने में तहरीर देकर शीघ्र खुलासे की मांग की। वहीं थानाध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि चोरी की घटनाओं का शीघ्र ही खुलासा किया जायेगा। इस मौके पर ग्राम प्रधान सिल्की चंद्र खेड़ा, विकास खेड़ा, टीकम खेड़ा, हरि खेड़ा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# कांग्रेसियों ने हरदा का किया जोरदार स्वागत

## कांग्रेस के नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने पूर्व सीएम से आशीर्वाद लिया

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष सीपी शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत का नगर आगमन पर स्वागत किया। नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा ने पूर्व सीएम से आशीर्वाद लिया। हरीश रावत ने नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा को बधाई दी और पार्टी हित में काम करने का आहवान किया। पूर्व सीएम हरीश रावत पूर्व मंत्री तिलकराज बेहड़ के आवास पर भी गये और उनका हाल जाना। हरदा राम मनोहर लोहिया मार्केट और समोसा मार्केट से उजाड़े गये व्यापारियों से भी मिले और उनके पुनर्वास के लिए संघर्ष करने का आश्वासन दिया। पूर्व सीएम हरीश रावत ने महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा को उजाड़े गये व्यापारियों के पुनर्वावास के लिए संघर्ष करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि जिन दुकानदारों और खोखा फड़ व्यवसायियों को जी-20 की आड़ में उजाड़ा गया है उनके पुनर्वास के लिए पार्टी स्तर से संघर्ष करें। उन्होंने कहा कि दशकों से यहां कारोबार कर रहे व्यापारियों के साथ अन्याय किया गया है आज व्यापारियों की रोजी रोटी छिनने से उनके सामने परिवार के पालन पोषण का संकट खड़ा हो गया है। हरीश रावत ने कहा कि जरूरत पड़ी तो इस संघर्ष के लिए वह खुद भी यहां आकर शासन प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे। श्री रावत ने आगामी निकाय और लोकसभा चुनाव को देखते हुए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने का आहवान भी किया। इस अवसर पर गोपाल गोपाल भसीन, सतीश कुमार, सुनल आर्या, बाबू विश्वकर्मा, रमेश बोरा, राकेश जोशी,, रजत बाम्बा, नरेश कुमार, अशोक कुमार आदि भी मौजूद थे। वहीं इससे पूर्व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत रुद्रपुर पहुंचने पर कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा और उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काशीपुर रोड फ्लाईओवर पर श्री रावत का फूल मालाएं पहनाकर एवं बुके प्रदान कर स्वागत किया स बाद में श्री रावत नैनीताल दिल्ली हाईवे बस स्टेशन के सामने उजाड़े गए व्यापारियों से मिलने पहुंचे। जहां उन्होंने पीड़ित व्यापारियों से मुलाकात की और सरकार की बर्बरता पूर्वक कार्रवाई की कड़ी शब्दों में निंदा की। इसके बाद श्री रावत आवास विकास स्थित पूर्व स्वास्थ्य मंत्री तिलकराज बेहड़ का हाल जानने उनके आवास पर पहुंचे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।





# ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज में राष्ट्रीय सुरक्षा माह का समापन

## प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया पुरस्कृत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल पंतनगर स्थित ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज में गत चार मार्च से प्रारंभ हुए राष्ट्रीय सुरक्षा माह कार्यक्रम आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत करने के साथ सम्पन्न हो गया। विजेता प्रतिभागियों महेंद्र गुप्ता, रोबिन कुमार, महिमा नंद भारद्वाज, वीर बहादुर, कुंदन सिंह, कमल, ज्योति, शिवांगी, पूनम, राजेश रावत, भूपेंद्र त्यागी, रितेश चोपड़ा व चंदन दानू को फैक्ट्री के प्रबंधक प्रबोध खेर, एचआर हेड मुक्ता टंडन, असिस्टेंट एचआर शिवनाथ दूबे, संस्थान के वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी अरविंद दिवाकर आदि ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस मौके पर उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने सुरक्षा के प्रति अपनी जिम्मेवारियो को निभाने का वचन दोहराया। सभी वरिष्ठ फैक्ट्री अधिकारियों द्वारा कर्मचारियों व अधिकारियों को सुरक्षा से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां देते हुए उनका पालन करने की अपील की गई। सुरक्षा अधिकारी अरविंद दिवाकर ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा माह के अंतर्गत फैक्ट्री परिसर में जागरूकता रैली, नुक्कड़ नाटक, ऑन लाइन क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता, नियर मिस प्रतियोगिता, ऑन स्पॉट क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही साथ सुरक्षा उपकरणों के स्टॉल व गोष्ठी आदि कार्यक्रम आयोजित अधिकारियों व कर्मचारियों को इनकी उपयोगिता तथा इस्तेमाल करने की विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर क्वालिटी मैनेजर नितिन, प्रोडक्शन मैनेजर संदीप सिंह, गौरव सिंह, बृजेश, गजेंद्र, रोबिन, आदित्य जैन व रचित आदि मौजूद थे।




# स्कार्पियो की टक्कर से लाइनमैन की मौत

गदरपुर(उद संवाददाता)। गदरपुर से पावर हाउस कॉलोनी स्थित आवास पर जा रहे लाइनमैन को स्कॉर्पियो ने रौंद दिया। गंभीर रूप से घायल लाइनमैन को उपचार के लिए सीएससी गदरपुर ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे रुद्रपुर ले जाने की सलाह दी। परिजन उसे लेकर रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल में पहुंचे जहां उसकी मौत हो गई। मृतक लाइनमैन दो भाई और चार बहनों में चौथे नंबर का था। सतेन्द्र की अकस्मिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।ग्राम आर्यनगर निवासी सत्येंद्र कुमार (35) ऊर्जा निगम में संविदा पर लाइनमैन पद पर कार्यरत था। शुक्रवार रात्रि करीब 9.30 बजे सतेंद्र अपनी बाइक से गदरपुर से पावर हाउस कॉलोनी स्थित आवास पर जा रहा था कि मजरा शीला में कब्रिस्तान के सामने विपरीत दिशा से आ रही स्कार्पियो गाड़ी ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने स्कॉर्पियो वाहन को कब्जे में ले लिया है। आनन-फानन में सतेंद्र को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गदरपुर ले जाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे रुद्रपुर जाने की सलाह दी। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजन सतेंद्र को उपचार के लिए रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक सत्येंद्र दो भाई और चार बहनों के परिवार में चौथे नंबर का था। तीन वर्ष पूर्व उसका विवाह हुआ था। सतेंद्र की मौत की सूचना से जहां परिजनों में कोहराम मच गया वहीं विद्युत विभाग कर्मियों एवं नगर क्षेत्र में शोक की लहर बनी हुई है। सतेन्द्र की मौत पर नगर व क्षेत्र के विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने शोक संवेदना प्रकट की है।



# उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा का 15 अप्रैल से होगा मूल्यांकन

रामनगर। उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल व इंटर की परीक्षा गुरुवार को संपन्न हो गई। इस दौरान नकल का एकमात्र मामला सामने आया। मई अंतिम सप्ताह तक उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की ओर से रिजल्ट जारी किया जाएगा। परिषद की ओर से कराई गई इंटरमीडिएट परीक्षा 16 मार्च व हाईस्कूल की परीक्षा 17 मार्च से हिंदी विषय के साथ शुरू हुई थी। परीक्षा में 259439 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिसमें हाईस्कूल की परीक्षा में 132115 व इंटर में 127324 परीक्षार्थी शामिल थे। हाईस्कूल में 130027 संस्थागत व 2088 व्यक्तिगत तथा इंटर में 123511 संस्थागत व 3813 व्यक्तिगत परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा के लिए 1253 केंद्र बनाए गए थे। जिसमें 198 संवेदनशील व 15 अति संवेदनशील केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा कापी जमा करने के लिए 13 मुख्य संकलन केंद्र, 24 उप संकलन केंद्र बनाए गए हैं। परिषद की सचिव नीता तिवारी ने बताया कि उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन 15 से 29 अप्रैल तक चलेगा। प्रदेश में 29 मूल्याकंन केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 25 मिश्रित, 03 हाईस्कूल एकल व एक इंटर एकल की परीक्षा की कापी जांची जाएगी। परीक्षाफल निर्माण का कार्य मई प्रथम सप्ताह से शुरू हो जाएगा। मई अंतिम सप्ताह तक रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा।

# भगवान वाल्मीकि एवं हनुमान जी को किया नमन

गदरपुर(उद संवाददाता)। भगवान बाल्मीकि की शिक्षाओं को आत्मसात करने का आह्वान करते हुए बुद्ध पूर्णिमा एवं हनुमान जन्मोत्सव पर सजाए गए एक धार्मिक कार्यक्रम में शुभकामनाएं देने के साथ उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। ग्राम सभा डोंगपुरी कालोनी में स्थित चामुन्डा मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भजन कीर्तन के साथ हुआ स मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने भगवान वाल्मीकि की शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनके द्वारा संस्कृत भाषा में रामायण की रचना करके लोगों को जागरूक होने का संदेश दिया उन्होंने कहा आज हम श्री राम एवं उनके जीवन के बारे में वाल्मीकि जी द्वारा रचित रामायण के माध्यम से जानकारी प्राप्त करते हैं। कार्यक्रम आयोजक भावाधस के धर्मगुरु हरपाल सिंह हितकारी एवं रणजीत प्रेमी ने कहा कि भगवान वाल्मीकि जी द्वारा श्री राम को अवतार मानते हुए उनकी जीवनी को रामायण के माध्यम से लोगों के सम्मुख प्रकट किया, वही कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश खुराना ने भगवान वाल्मीकि की याद में समर्पित कार्यक्रम में बुद्ध पूर्णिमा और हनुमान जन्मोत्सव के साथ भाजपा के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए भगवान वाल्मीकि की शिक्षाओं को ग्रहण करके सभी को एकजुट होने का आह्वान किया। कार्यक्रम के उपरांत सभी गणमान्य को हरपाल सिंह हितकारी एवं अन्य भावाधस पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज के प्रचारक रंजीत प्रेमी, ग्राम प्रधान स्वदेश डंग,अशोक छाबड़ा, विजय भान, ओम प्रकाश, ऋषभ कंबोज, देशराज कंबोज, कैलाश राम, किशनलाल, अमित सिंह, अभिषेक वर्मा, परमजीत सिंह, गोपाल अरोरा, भूपेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।





# श्री सिद्धेश्वर महादेव में धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। हाईडिल कालोनी स्थित श्री सिद्धेश्वर महादेव में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भक्तों ने सुबह श्री बालाजी महाराज को चोला चढ़ाया और उनका भव्य श्रृंगार किया। हनुमान जयंती के मौके पर श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया और भजन कीर्तन से बाबा को रिझाते हुए सुख समृद्धि की कामना की। हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में मंदिर में सुबह से शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर प्रसाद वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में सुभाष चंद्र शर्मा,तिलक राज अदलखा, मनोज राजदेव,राजेश सैनी, आशीष सारस्वत,खैराती लाल,प्रीतम अरोरा, सतीश अरोरा,स्वतंत्र कुमार,एम एन उप्रेती,टीटू ठुकराल, गोविंद ग्रोवर,राजकुमार समेत तमाम लोग मौजूद थे।



ANANT GRAPHICS
Anant Graphics
We Deals In
All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing
More information call us
98377 77818
Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

# सीएम ने कालाढूंगी में किया 36 योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

कालाढूंगी/हल्द्वानी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा कालाढूंगी के लिए 95 करोड़ 08 लाख की 36 योजनाओं का लोकार्पण एवम शिलान्यास करते हुए कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से इस क्षेत्र के भविष्य की नींव रखी गई है, योजनाओँ के पूर्ण होने पर क्षेत्र का सर्वागींण विकास होगा। इन योजनाओं से क्षेत्र के 8012 परिवार पेयजल योजना से लाभान्वित होंगे। आज का दिन विधानसभा कालाढूंगी में विकास के एक नए युग का सूत्रपात में सहायक सिद्ध होगा। इन 36 योजनाओं में मोटर मार्ग निर्माण, पेयजल और सिंचाई की क्षमता के विकास जैसे जनहितकारी क्षेत्रों से जुड़ी हुई हैं। श्री धामी ने नकल विरोधी कानून की आवश्यकता व महत्व को विस्तार से बताया, कहा कि इस माह सरकार 04 प्रतियोगी परीक्षा आयोजित कराई जा रही है तथा रिक्त पदों का अध्याचन आयोग को प्रेषित कर दिया गया है। इसके साथ ही सरकार द्वारा अंत्योदय परिवारों को तीन गैस सिलेंडर देने हों, प्रदेश की महिलाओं के लिये क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था को लागू करना हो, समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करना हो, जबरन धर्मांतरण पर रोक के लिये कानून बनाना हो, नई शिक्षा नीति लागू करना हो, नई खेल नीति लागू करना हो, सख्त नकल विरोधी कानून बनाना हो, राज्य आंदोलनकारियों व उनके आश्रितों को सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत का क्षैतिज आरक्षण देना हो सभी का सरकार द्वारा बेहतरीन प्रयास किया गया है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने विधान सभा कालाढूंगी मे 398.00 लाख की धनराशि से आनन्दपुर नलकूप पेयजल योजना तथा लामाचौड खास नलकूप पेयजल योजना लागत 159.00 लाख की 02 योजनाओं का लोकार्पण किया। इसके साथ ही मुख्यमंत्री श्री धामी ने कालाढूगी के विकास के लिए 34 योजनाओं का शिलान्यास किया।





जिसमें गोविन्दपुर गढवाल पेयजल योजना लागत रूपये 310.00 लाख, पनियाली पेयजल योजना लागत 222.00 लाख, पीपलपोखरा पेयजल योजना 558.00 लाख, लालपुर नायक पेयजल, लागत 334.00 लाख,प्रेमपुर लोश्ज्ञानी पेयजल, लागत 431.00 लाख, रामडी आनसिंह पेयजल योजना लागत 326.00 लाख, पतलिया पेयजल योजना लागत 434.84 लाख, बजूनिया हल्दू पेयजल योजना लागत 297.93 लाख, कमोला नलकूप योजना लागत 399.63 लाख, कालाढूगी बन्दोबस्ती पेयजल योजना लागत 298.61, सेल्सिया पेयजल लागत 117.38 लाख, छोटी हल्द्वानी पेयजल लागत 161.08 लाख, रतनपुर रामपुर पेयजल 490.11 लाख,धपला पेयजल 63.91 लाख, दोहनीया पेयजल 206.74 लाख,गिनती गांव पेयजल 399.30 लाख, चांदपुर पेयजल 142.82 लाख, नाथुजाला पेयजल 227.10 लाख, नया पाण्डे गांव पेयजल 54.00 लाख, पवालगढ मनखथपुर पेयजल 332.45 लाख,विजयपुर धमोला पेयजल 271.64 लाख, धमोला पेयजल 350.86 लाख, मन्दरजुडा पेयजल 442.26 लाख, चोपडा पम्पिंग पेयजल 235.33 लाख,ज्योली पेयजल 172.12 लाख,भद्यूनी पम्पिंग योजना 103.35 लाख, बल्यूटी पम्पिंग योजना 261.39 लाख, रानीबाग पम्पिंग योजना 342.05 लाख,सूर्यागांव पम्पिंग योजना 151.98 लाख, दोगडा पेयजल योजना 88.61 लाख,डोलमार पेयजल योजना 61.13 लाख, हैडी पेयजल योजना 27.43 लाख तथा डहरिया धानमिल से आनन्दा स्कूल निलांचल कालोनी से बिडला स्कूल छडायल रोड तक मार्ग पुनः निर्माण कार्य लागत 381.80 लाख की धनराशि का कुल 34 योजनाओं का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कालाढूंगी विधान सभा के लिए नगर पंचायत कालाढूंगी में उपमण्डी समिति की घोषणा, कालाढूंगी में ब्रिटिश कालीन फाउंड्री को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने हेतु उसका सौन्दर्यीकरण एवं मुख्य मार्ग तक नहर कवर कर सड़क का निर्माण, विकास खण्ड कोटाबाग के ग्राम धमोला मे लदुवागाड झरने का पर्यटन स्थल का सौन्दर्यीकरण एवं सडक निर्माण, कालाढूंगी मुख्य मार्ग के चकलुवा में नेहाल नदी में मुख्य मार्ग पर पुल का निर्माण,ग्राम रतनपुर बैलपडाव में नलकूप निर्माण तथा बैलपडाव के सरदार धडे मे नलकूप निर्माण, ग्राम पंचायत आंवलकोट मे स्थित प्राचीन हुनमानधाम मन्दिर का जीर्णोद्वार व सौन्दर्यीकरण की घोषणा की। कार्यक्रम में पूर्वमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक बंशीधर भगत ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुये उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य से तुलना की। श्री भगत ने कहा विधानसभा कालाढूंगी आज विकास के मार्ग पर अग्रसर हो रहा है जिसका लाभ यहाँ की जनता को मिलेगा। सरकार द्वारा कालाढूंगी के लिए महात्वाकांक्षी योजनाओं का लोकापर्ण एवं शिलान्यास किया गया है जो कालाढूंगी विधानसभा के लिए मील का पत्थर सिद्ध होगी। कार्यक्रम को केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भटट, प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भटट एवं जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट द्वारा भी सम्बोधित किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय रक्षा राज्यमंत्री अजय भटट,अध्यक्ष जिला पंचायत बेला तोलिया, मेयर डा0 जोगेन्दर पाल रौतेला, विधायक बंशीधर भगत,दीवान सिंह बिष्ट, सरिता आर्या,प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भटट,जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल, एसएसपी पंकज भटट के साथ ही प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र बिष्ट,प्रदेश प्रवक्ता प्रकाश रावत, हेमन्त द्विवेदी, विकास भगत, डा अनिल कपूर डब्बू,अध्यक्ष नगर पंचायत पुष्कर कत्यूरा, उपाध्यक्ष जिला पंचायत आनन्द दरम्वाल, नवीन भटट, सुरेश भटट, गजराज बिष्ट, सुरेश तिवारी, लाखन नेगी,प्रताप बोरा सुरेश गौड, रंजन बर्गली, भूवन भटट, राकेश नैनवाल, प्रदीप बिष्ट, हुकम सिंह कुवर, दीपक सनवाल, दीपक मेहरा, मुकेश बोरा, दीपाली कन्याल, कल्पना बोरा, अलका जीना के साथ ही क्षेत्रीय जनता एवं गणमान्य उपस्थित थे।

# छात्रों के लिए मुख्य गेट बंद होने पर फूंका कॉलेज प्रशासन का पुतला

बागेश्वर (उद संवाददाता)। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का मुख्य द्वार बंद होने पर छात्र भड़क गए।कालेज जा रहे छात्रों को मुख्य प्रवेश द्वार का गेट में ताला लगे होने पर छात्र नाराज हो गए, उन्होंने कालेज परिसर का गेट बंद होने को लेकर कालेज प्रशासन से गेट खोलने की मांग की, पर गेट नही खुलने पर नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। कालेज प्रशासन का पुतला फूंका। कहा कि गेट बंद होने से छात्र-छात्राओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्राचार्य मनमानी पर उतरेंगे तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। कहा कि प्राचार्य मनमानी कर रहे हैं। मुख्य गेट पर ताला लगा दिया जाता है। जिससे छात्र-छात्राओं को वाहन आदि लाने में परेशानी होती है। उन्हें छोटे गेट से प्रवेश करना पड़ रहा है। छात्रसंघ अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में पानी की कमी है। कालेज परिसर में हैंडपंप और अन्य साधन हैं। जहां से छात्रों के अलावा आसपास के लोग भी पानी भरते हैं। गेट बंद होने से उन्हें मायूस होना पड़ रहा है। इस बीच प्राचार्य और छात्रों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। प्राचार्य डॉ. एसएस धपोला ने कहा कि बाहर अराजक तत्व कॉलेज परिसर में घुस आते हैं। वह कॉलेज की गरिमा को बिगाड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रशासन ने मुख्य द्वार बंद करने का निर्णय लिया है। जिससे छात्र- छात्राओं का पठन-पाठन में व्यवधान भी नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि छात्र चाहते हैं कि गेट खुला रहे, उसे खोल दिया जाएगा। इस दौरान प्रकाश बछामी, जयदीप कुमार, योगेश जोशी, नमीष रावत, चाहत थापा, कमलेश कुमार, विक्रम दानू आदि छात्र उपस्थित थे।



# हरिधाम में धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सर्वशक्ति सिद्धपीठ श्री हरिधाम मन्दिर शारदा कालोनी रूद्रपुर में श्री हनुमान जन्मोत्सव मंदिर के महंत मनीष सलूजा के सानिध्य में धूमधाम के साथ मनाया गया जिसमें श्री राम चारित्र मानस पाठ 5 अप्रैल सुबह 9 बजे से प्रारम्भ हुआ। 6 अप्रैल सुबह 7 बजे श्री बाला जी महाराज का भव्य श्रृंगार किया गया ।शाम 6 बजे से रात्रि 11 बजे तक सवामनी का भंडारा हुआ । रात्रि 9 बजे से श्री बाला जी महाराज का विशाल दरबार प्रारम्भ किया गया जिसमे महंत मनीष सलूजा अपनी मधुर वाणी से भजनों का शुभारम्भ किया। मैं नचना बाबा दे नाल आज मेन्नू नच लेन दे बाबा भक्त कमल कक्के,सागर कालरा एवं राज कुमार भुड्डी जी ने भजनो से बाबा को रिझाया। मध्य रात्रि में जन्मोत्सव पर केक काटकर बच्चों एवं भक्तों को खिलोने एवं टॉफिया वितरित की गयी। रात्रि बाबा की आरती के उपरांत प्रसाद वितरण कर श्री हनुमान जन्मोउत्सव के पावन पर्व को संपन्न किया गया।इस अवसर पर विजय कुमार जांगडा,रवि कक्कड़,शैंकी अरोरा,मनोज चावला,मनोज चावला, सागर कक्कड़,अजय कुमार, साहिल आनंद,मोनू वर्मा,चिरणजीव पाण्डेय,अन्नू कक्के,राज कुमार भुड्डी,मनीष श्रीवास्तव,दीपक कटारिया, विजय कक्कड़,अमित शर्मा, विवेक शर्मा,राज छाबड़ा,सुभाष तनेजा,राजेश भट्ट,सम्मी कक्कड़,विशाल कोहली,रोहित आदि भक्तों ने सेवा में अपनी हाजरी लगायीं।



# निशान यात्रा में श्री श्याम के जयकारों से गूंजा नगर

गदरपुर(उद संवाददाता)। अखिल भारतीय श्री श्याम परिवार गदरपुर के तत्वावधान में नगर में विशाल भव्य निशान यात्रा धूमधाम के साथ निकाली गयी। निशान यात्रा में श्री श्याम जी के गुनगान से नगर गूंज उठा। अखिल भारतीय श्री श्याम जी संकीतन द्वारा नौ अप्रैल दिन रविवार को राजकीय इंटर कालेज गदरपुर में आयोजित के उपलक्ष्य में शुक्रवार को बुध बाजार स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर से भव्य निशान यात्रा धूमधाम से निकाली गयी। निशान यात्रा से प्रारम्भ होने से पूर्व पं. विजय शास्त्री द्वारा समाजसेवी विनोद कुमार भुसरी से पूजा अर्चना करायी गयी। इसके उपरान्त सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ निशान यात्रा प्रारम्भ हुई जो ढोल नगाड़ों एवं आतिशबाजी व श्री श्याम जी के गुणगान से मुख्य बाजार होते हुए गूलरभोज रोड, के उपरान्त राजकीय इण्टर कालेज में समाप्त हुई। भव्य निशान यात्रा को नगर के विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। निशान यात्रा में सनातन धर्म सभा अध्यक्ष वेद प्रकाश बजाज, कोषाध्यक्ष लेखराज, उपाध्यक्ष अजय खेड़ा, कृष्ण लाल बत्रा, सुरेन्द्र बजाज, सोमनाथ छाबड़ा, कविता शर्मा, अशोक भुड्डी, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, कपिल गंडा, दीपक बेहड़, राजकुमार भुड्डी, लविश ग्रोवर, अमन नारंग, अंकुश ग्रोवर, हिमांशु गगनेजा, विपिन बठला, हन्नी सुखीजा, मनीष गुम्बर, विशाल बत्रा, योगेश कुमार , कपिल कमरा, दीपक डाबर, सतीश गाबा, विजय गुम्बर, नितिन छाबड़ा, पारस पोपली, मोनू बत्रा, वैवभ बत्रा, कशित गगनेजा, सागर गुम्बर, अभिषेक शर्मा, सुभम बत्रा, टिप्सन नरूला, समन मुंजाल, डॉक्टर विनीत अरोरा, हिमांशी कक्कड़, ज्योति धमीजा, मनीशी गुम्बर, कविता सुधा, पायल मदान, रीधि आस्था सहित काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। बता दें कि 09 अप्रैल दिन शनिवार को राजकीय इण्टर कालेज में भव्य श्याम जी का संकीर्तन रात्रि आठ बजे से होगा जिसमें बरेली की अंजली द्विवेदी एवं दिल्ली के मास्टर बॉबी अपने मुधर आवाज से श्री श्याम जी के भजनों का गुणगान करेंगे।







## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### मजदूरों की बदहाली

शहरों के हर 'लेबर चौराहे' पर सुबह-सुबह मजदूरों का हुजूम खड़ा होता है, मगर उनमें से कुछ को ही काम मिल पाता है। गरीब परिवारों को सौ दिन के रोजगार की संवैधानिक गारंटी दी गई है। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की जिंदगी अब भी किसी जुए से कम नहीं। दो वक्त की रोटी के लिए उन्हें न जाने कहां-कहां भटकना पड़ता है, फिर भी निश्चिंतता कहीं नहीं कि बदहाली से उन्हें मुक्ति मिलेगी ही। ओड़ीशा के कालाहांडी के तीन मजदूरों की कहानी इसकी ताजा कड़ी है। वे इस आस में बंगलुरु गए थे कि वहां मेहनत करके कुछ पैसे कमाएंगे और अपने परिवार का पेट भर पाएंगे। मगर उन्हें लौटना पड़ा खाली हाथ। जिस व्यक्ति ने उन्हें काम पर लगाया था, मजदूरी मांगने पर वह उन्हें मारता-पीटता था। दो महीने काम करने के बाद भी मजदूरी नहीं मिली और जिल्लत मिलती रही, तो उन्होंने घर वापसी का फैसला किया। हाथ में पैसे नहीं थे, खाने को कुछ था नहीं। वे बंगलुरु से खाली हाथ चल पड़े अपने गांव और सात दिन लगातार चलते हुए भूखे-प्यासे अपने घर पहुंचे। इन मजदूरों की कहानी इसलिए लोगों के सामने आ सकी कि वे पैदल चलते हुए घर पहुंचे। वरना इन जैसे न जाने कितने मजदूर ऐसे हैं, तो हाड़तोड़ मेहनत करने के बाद भी मजदूरी को हाथ पसारते-पसारते थक जाते हैं और जिल्लत उठाने को मजबूर होते हैं। इनकी सुनवाई कहीं नहीं होती। संगठित और सरकारी क्षेत्रों में रोजगार की कमी और पढ़े-लिखे बेरोजगारों का आंकड़ा तो समय-समय पर सामने आता रहता है, मगर हमारे देश में लाखों ऐसे मजदूरों का कोई ठीक-ठीक हिसाब-किताब नहीं, जो असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करते हैं। वे किसी ईंट भट्ठे पर, किसी बनती हुई इमारत में, कहीं सड़क पर मिट्टी ढोने वगैरह के काम तलाशते फिरते हैं। गांवों से बहुत सारे लोग इस उम्मीद में शहरों का रुख करते हैं कि वहां उन्हें गुजारे लायक काम मिल जाएगा। मगर वहां भी उन्हें कम दुश्वारियां नहीं झेलनी पड़तीं। जो ठेकेदार उन्हें काम पर लगाते हैं, उनकी दबंगई ऐसी कि पैसा समय पर कभी नहीं देते, बल्कि मजदूरों का पैसा मारने की फिराक में अधिक रहते हैं। ऐसे ही ठेकेदार के शोषण का शिकार हुए कालाहांडी के ये तीनों मजदूर। ऐसे ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई का कोई व्यवस्थित तंत्र कहीं नहीं है, जहां मजदूर सीधे गुहार लगा सकें। वैसे भी गरीब अनपढ़ मजदूर पुलिस के सामने पड़ने से बचते हैं, वे शिकायत करने भला कहां जाते। मगर इससे भी दारुण कथा यह है कि इन मजदूरों को सरकारें कम नहीं छलतीं। कालाहांडी की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। मगर ओड़ीशा सरकार वहां के लोगों के लिए क्या करती है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वहां से लोगों को सैकड़ों मील दूर रोजगार की तलाश में भटकना पड़ता है। किसी परिवार को अपना नवजात शिशु बेच कर पेट भरने का इंतजाम करना पड़ता है। गरीब परिवारों को सौ दिन के रोजगार की संवैधानिक गारंटी दी गई है। मगर इसके लिए शुरू की गई मनरेगा योजना में पैसे की कमी और अनियमितता के बीच मजदूर पचास दिन का काम और पैसा भी पा जाएं तो वे खुद को खुशकिस्मत समझते हैं। अगर इन श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर ही गुजारे लायक काम मिल जाता, तो उन्हें इस कदर दर-दर तो न भटकना पड़ता। ओड़ीशा सरकार के पास शायद ही इस सवाल का जवाब हो कि क्यों वहां के लोगों को ऐसी जिल्लत उठानी पड़ती है।

# निजी स्कूलों की मनमानी पर लगे अंकुश

## शिक्षा के लिए निजी स्कूल कॉलेजों पर सरकार को निर्भरता करनी होगी कम और बढ़ाना होगा शिक्षा का बजट

बच्चों की मंहगी हुई पढ़ाई-लिखाई के बोझ के तले आज के दौर का हर अभिभावक दबा हुआ है। उनकी आमदनी का अधिकांश हिस्सा स्कूलों की फीस भरने और बच्चों की कापी किताब खरीदने में चला जाता है। फिर भी वह अपनी इच्छाओं का दमन करते हुए इस उम्मीद में रहते हैं, बच्चा-पढ़ लिखकर कुछ बन जायेगा तो उनका जीवन सफल हो जाएगा। मंहगी पढ़ाई-लिखाई के लिए अभिभावक सरकारों को भी कोसते हैं,कि सरकार इन स्कूलों की मनमानी पर अंकुश नहीं लगाती है। मगर अभिभावक यह नहीं समझते कि हमारी सरकार विवश है। उसकी अपनी मजबूरी है। सरकारी शिक्षा तंत्र को मजबूत न कर पाने की विवशता के चलते सरकार निजी स्कूलों और विश्वविद्यालयों को शिक्षा के क्षेत्र में भागीदारी के लिए आमंत्रित करती है। तभी तो नई शिक्षा नीति में विदेशी विश्वविद्यालयों को आमंत्रित किया गया है। यहां बता दें कि जब अपना देश अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त हुआ था, तब हमारे देश की सिर्फ 18 प्रतिशत आबादी ही पढ़ी-लिखी थी। सरकार के पास इतने संसाधन नहीं थे, कि वह भारतीयों को पढ़ा-लिखा सके। बच्चों को स्कूल भेज सकें। इसके बाद सरकार ने लोगों को शिक्षित करने के लिए निजी क्षेत्र के लोगों को आमंत्रित किया और पूरी सुविधा प्रदान की। देखते ही देखते कुछ दशकों में निजी क्षेत्र के स्कूल-कॉलेजों की दखलंदाजी इतनी अधिक बढ़ी, कि वह सरकारी शिक्षा तंत्र पर हावी हो गये और शिक्षा जगत ने पूरी तरह से एक उद्योग का रूप ले लिया। वहीं दूसरी ओर सरकारी स्कूलों की स्थिति दिन-प्रतिदिन दयनीय होती गई और अभिभावकों के दिमाग में यह बात घर कर गई, कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केवल निजी स्कूल-कॉलेजों अथवा निजी शिक्षण संस्थानों में मिल सकता है और अभिभावकों ने निजी स्कूलों की ओर रुख कर लिया। भारतीय राष्ट्रीय सर्वेक्षण की 2021 एक रिपोर्ट की मानें तो आज देश में साक्षरता दर 77.7 प्रतिशत हो गई है। इसमें 84.7 प्रतिशत पुरुष तो 70.3 प्रतिशत महिलायें है। आजादी के समय देश में लगभग 20 विश्वविद्यालय और 404 कॉलेज थे। वहीं आज के दौर में 1043 विश्वविद्यालय और लगभग 42 हजार 303 डिग्री कॉलेज हैं। देश में 1948 में केवल 30 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि यह संख्या बढ़कर लगभग 541 हो गई है। वहीं आजादी के दौरान देश में कुल 36 इंजीनियरिंग कॉलेज थे, इसमें हर साल सिर्फ 2500 छात्र ही पढ़ पाते थे। आज देश में करीब ढाई हजार इंजीनियरिंग कॉलेज हैं। इसके अलावा लगभग 1400 पॉलीटेक्निक, 200 आर्किटेक्टर और प्लानिंग कॉलेज हैं अर्थात कुल मिलाकर लगभग 4100 इंजीनियरिंग कॉलेज और विश्वविद्यालय हैं। इसके अलावा देश में 20 आईआईएम, एम्स और 23 आईआईटी हैं। मगर आंकड़ों पर गौर करें तो इनमे से निजी कॉलजों और विश्वविद्यालयों की तादाद अधिक है। हम जानते हैं, दुनिया की कुल आबादी का 18 फीसदी हिस्सा केवल भारत में रहता है। सवा सौ करोड़ की आबादी वाला भारत अपना देश है। इतनी बड़ी आबादी वाले अभिभावकों के बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के लिए बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवा पाना अकेले सरकार के बूते की बात नहीं है। निजी क्षेत्र के स्कूल-कॉलेजों की भागीदारी भी जरूरी है। मगर सरकार जिस तरह से आंख बंद कर निजी स्कूल-कॉलेजों को प्रोत्साहन दे रही है। इससे निजी स्कूल-कॉलेजों की मनमानी बढ़ना लाजमी है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए भारत सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग के लिए 68,804.85 करोड़ रुपये और उच्च शिक्षा विभाग को 44,094.62 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है, जो कम है। इसलिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाना सरकार के लिए चुनौती बना हुआ है। सरकार अपने स्कूल-कॉलेजों को भी पीपी मोड पर संचालित करने के लिए निजी संस्थानों को आमंत्रित कर रही है। वहीं नई शिक्षा नीति में भारत सरकार ने विदेशी विश्वविद्यालयों को भी आमंत्रित किया है, जो यहां पर कैंपस खोल सकेंगे, जिसका लाभ उन विद्यार्थियों को मिलने की उम्मीद है,जो भारत के निजी विश्वविद्यालयों में एडमिशन न लेकर गुणवत्तापरख और कम खर्च वाली शिक्षा के लिए यूक्रेन जैसे देशों की ओर रुख करते हैं। यही वजह है कि सरकारें निजी शिक्षण संस्थानों के आगे नतमस्तक हैं और देश के अभिभावक परेशान हैं। इसलिए अभिभावकों को पढ़ाई-लिखाई की मंहगाई की मार से बचाने के लिए सरकार को शिक्षा का बजट बढ़ाना होगा। शिक्षा के लिए निजी शिक्षण संस्थानों पर से सरकार को निर्भरता कम करनी होगी। सरकारी शिक्षा तंत्र को मजबूत करना होगा। निजी संस्थानों के लिए प्रोत्साहन बंद करना होगा। तभी अभिभावक अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेज सकेंगे और सभी को सामान शिक्षा मिल सकेगी।

-अनुपम सिंह

## खेल के मैदानों को हाई एल्टीट्यूड ट्रेनिंग ग्राउंड के रूप में विकसित किया जाए

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड भौगोलिक दृष्टिकोण से जलक्रीड़ा और हवाई क्रीड़ाओं के लिए अत्यधिक उपयुक्त है, जो रोजगार सृजन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मुख्य सचिव ने कहा कि पौड़ी के रांसी स्टेडियम सहित पिथौरागढ़ और टिहरी में अत्यधिक ऊंचाई में स्थित खेल के मैदानों को हाई एल्टीट्यूड ट्रेनिंग ग्राउंड के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने प्रदेश में उपलब्ध भूमि खंड के अनुरूप छोटे बड़े गोल्फ कोर्स विकसित किए जाने के भी निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदेश में विभिन्न स्थानों में रस्सी से बंध हुए गर्म गैस के गुब्बारों के माध्यम से हवाई दृश्यों को दिखाया जा सकता है। कैलाश मानसरोवर के दर्शन बंधे गैस के गुब्बारों के माध्यम से कराए जाने की संभावनाएं भी तलाशी जाए। उन्होंने कहा कि हिमालय दर्शन योजना को अधिक से अधिक बढ़ावा दिया जाए साथ ही, हाई एंड टूरिस्ट के लिए ब्रेकफास्ट योजना को अधिक से अधिक स्थानों में संचालित किए जाने हेतु प्रयास किए जाएं। मुख्य सचिव ने कहा कि खेल विभाग के माध्यम से साहसिक खेलों के लिए प्रामाणिक पाठ्यक्रम की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि इस क्षेत्र में अधिक से अधिक प्रशिक्षित युवा आ सकें। उन्होंने कहा कि पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सरकारी जमीन को लीज पर देने के लिए पॉलिसी में बदलाव की आवश्यकता है, तो की जानी चाहिए, ताकि लोगों को पर्यटन गतिविधियों से जुड़ने में आसानी हो। इस अवसर पर सचिव श्री सचिन कुर्वे, अपर सचिव पर्यटन और नागरिक उड्डयन श्री सी. रविशंकर सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।

## मीना अरोड़ा के उपन्यास पुत्तल का पुष्पबटुक पर हुई ऑनलाईन परिचर्चा

हल्द्वानी (उद संवाददाता) उत्तराखंड के हल्द्वानी शहर की प्रसिद्ध लेखिका मीना अरोड़ा ने व्यंग्य जगत तथा साहित्य लेखन में विशेष मुकाम हासिल



किया है। मीना अरोड़ा के चर्चित हास्य व्यंग्य उपन्यास ने व्यंग्य विधा को समृद्ध किया है। मीना अरोड़ा व्यंग्य लेखन के साथ-साथ काव्य नाटक भी रच चुकी हैं। कविता, लघुकथा, कहानी, व्यंग्य, उपन्यास, डायरी लेखन, आदि विधाओं पर उन्होंने अपनी लेखनी चलाई है। समाज और राजनीति में फैली विद्रूपताओं, विसंगतियों पर उनकी सदैव पैनी दृष्टि बनी रहती है। उनके द्वारा गढ़े गए काल्पनिक पात्रों में भी जीवंतता को देखा जा सकता है। वह अपने मुख्य पात्र में खुद को ढाल कर अपने लेखन को नए आयाम देती हैं। उनके लेखन के दबे कुचले पात्र अपने कमजोर स्वरुप से बाहर आकर लेखन के कथानक में परिवर्तन ले आते हैं और अपने चरित्र के सशक्त स्वरूप का परिचय देते हैं। मीना अरोड़ा के हास्य व्यंग्य उपन्यास पुत्तल के पुष्पवटुक ने विदेशों में बसे भारतीयों को भी सम्मोहित किया। पुत्तल का पुष्पवटुक उपन्यास पर नीदरलैंड तथा मॉरीशस में बसे प्रवासी साहित्यकारों द्वारा 7 अप्रैल 2023 को ऑनलाइन परिचर्चा की गयी। इस परिचर्चा में महाराष्ट्र के प्रबुद्ध साहित्यकारों ने भी अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज करवाई। परिचर्चा में नीदरलैंड से जुड़े मुख्य अतिथि के रुप में डॉ. नारायण मथुरा, जो कि हिन्दी परिषद् नीदरलैंड के अध्यक्ष हैं। उपन्यास का अंश वाचन डॉ. ऋतु शर्मा (नीदरलैंड) ने किया जो कि हालैंड तथा सूरीनाम में हिन्दी की प्रचारक के रुप में जानी जाती हैं और अश्विनी केंगावकर, हिन्दी जगत की जानी मानी मंच संचालिका तथा कवयित्री (नीदरलैंड) द्वारा आभार ज्ञापन किया गया। इस उपन्यास पर सविता तिवारी, लेखिका तथा पत्रकार, मॉरीशस द्वारा मंतव्य प्रस्तुत किया गया। उपन्यास की परिचर्चा का संचालन ममता माली, मुंबई कालेज की प्राध्यापिका द्वारा किया गया। पुस्तक की समीक्षा डॉ. कविता सुल्हयान द्वारा की गयी जो कि मिरज (महाराष्ट्र) के कॉलेज में प्राध्यापिका के पद पर हैं। इस परिचर्चा की अध्यक्षता डॉ.रविंद्र कात्यायन द्वारा की गयी, जो मुंबई में एक प्रसिद्ध पटकथा लेखक व निर्देशक के रुप में जाने जाते हैं। इस प्रोग्राम में डा.संजीव निगम की विशेष उपस्थिति रही, जो कि वरिष्ठ व्यंग्यकार तथा हिन्दुस्तानी प्रचार सभा मुंबई के निदेशक हैं। कार्यक्रम में वरिष्ठ कथाकार बलराम अग्रवाल (नई दिल्ली), वरिष्ठ व्यंग्यकार पिलकेन्द्र अरोड़ा (उज्जैन), जानी मानी लेखिका अलका अग्रवाल सिगतिया (मुंबई), हिन्दी सेवी शर्मीला (सूरीनाम) की विशेष उपस्थिति रही। अन्तराष्ट्रीय हिन्दी संगठन के सक्रिय सदस्य राकेश कुमार त्रिपाठी ने इस ऑनलाइन कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने में तकनीकी सहयोग दिया।

## ऋषिकेश में गायिका श्रेया घोषाल ने की गंगा आरती

ऋषिकेश। विख्यात गायिका श्रेया घोषाल शुक्रवार को परमार्थ निकेतन पहुंची। गुरुकुल के ऋषि कुमारों ने गायिका का अभिनंदन किया। उन्होंने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती से भेंट का आशीर्वाद लिया। उन्होंने विश्व विख्यात गंगा आरती में सहभाग कर विश्व शांति यज्ञ में आहुतियां समर्पित की। इस



मौके पर परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने कहा कि संगीत एक ऐसा सशक्त माध्यम है जो शोर से दूर हमें शांति की ओर लौटने का संदेश देता है। जिससे मानसिक व्याधि और तनाव दूर होता है तथा शांति व सद्भाव में वृद्धि होती है। सात्विक संगीत सुनने से मन को शांति और शक्ति मिलती है। संगीत का गायन साक्षात मां, सरस्वती का वरदान है। संगीत और स्वर प्रभु की कृपा से ही प्राप्त होता है। श्रेया अपने मधुर संगीत की मिठास से माधुर्य घोलने का कार्य कर रही हैं। गायिका श्रेया घोषाल ने कहा परमार्थ निकेतन गंगा आरती अद्भुत, अलौकिक और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करने वाली है। यहां आकर अपार शांति का अनुभव हो रहा है। इस मौके पर साध्वी भगवती सरस्वती सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## टीएमयू मेडिकल स्टुडेंट्स ने सीखीं स्यूचरिंग तकनीक की बारीकिया

मुरादाबाद (उद संवाददाता)। जॉनसन एंड जॉनसन के रिजनल ब्रांच मैनेजर संदीप त्यागी ने कहा हम समाज को अति अल्प खर्च में बेहतर चिकित्सा सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जॉनसन एंड जॉनसन डॉक्टर्स, नर्सेज और मेडिकल से जुड़े लोगों को भी बेहतर चिकित्सा उपकरण देने के लिए प्रयासरत है। जॉनसन एंड जॉनसन की वर्कशॉप के कई फेज हैं। इंस्टिट्यूट ऑन व्हील्स इसका एक प्रमुख फेज हैं। इस फेज में एंडोट्रेनर और लैप्रोस्कोपिक स्यूचरिंग की ट्रेनिंग शामिल है। श्री संदीप तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के सर्जरी विभाग और जॉनसन एंड जॉनसन की ओर से ओपन एंड लैप्रोस्कोपिक नॉटिंग, स्विचरिंग एंड वैस्कुलर एनास्टोमोटिक ट्रेनिंग वर्कशॉप में बोल रहे थे। इससे पूर्व जॉनसन एंड जॉनसन की बस- इंस्टिट्यूट ऑन व्हील्स में सर्जरी के पीजी और एमबीबीएस स्टुडेंट्स को एंडोट्रेनर और लैप्रोस्कोपिक स्यूचरिंग की ट्रेनिंग दी गई। इसके अलावा स्टुडेंट्स ने सर्जिकल तरीकों से टांके लगाना, आंतों एवं वैस्कुलर रिपेयरिंग आदि करना भी सिखाया गया। बस में कुल 11 स्टेशन थे, जिनमें 05 स्टेशन एंडोट्रेनर और 06 स्टेशन जनरल स्यूचरिंग के थे। इस बस में स्टुडेंट्स को एक ऐसा माहौल दिया गया, जिसमें यह लग रहा था जैसे वह वास्तव में सर्जरी के बाद स्विचरिंग कर रहे हों। तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. अजय पंत, जॉनसन के असिस्टेंट ब्रांच मैनेजर श्री मनीष पंत, वाइस प्रिंसिपल प्रो. एसके जैन, एएसएम डॉ. वीके सिंह, सर्जरी विभाग के एचओडी प्रो. एनके सिंह आदि ने फीता काटकर इंस्टिट्यूट ऑन व्हील्स का शुभारंभ किया। वर्कशॉप के अंत में सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह और पौध देकर सम्मानित किया गया। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. अजय पंत बोले, स्यूचरिंग तकनीक में सर्जन का मास्टर होना जरूरी है। स्यूचरिंग एक साइंटिफिक कला है। मरीज को पता नहीं होता है कि शरीर के अंदर क्या हुआ, लेकिन बाहर से वह स्यूचरिंग को देखता है। उन्होंने सामान्य स्यूचरिंग से लेकर आधुनिक स्यूचरिंग के बारे में भी चर्चा की। सर्जरी विभाग के एचओडी प्रो. एनके सिंह ने स्टुडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा, यदि आप प्रभावी तरीके से स्यूचरिंग करते हो तो आप पेशेंट और समाज की केयर क्वालिटी में सुधार कर रहे हो। गलत स्यूचरिंग का खामियाजा पेशेंट को फिजिकली, मेंटली और इकोनोमिकली सब तरह से भुगतना पड़ता है। अत: आज की इस वर्कशॉप का उद्देश्य स्टुडेंट्स में स्यूचरिंग तकनीकों की समझ को विकसित करना है। उन्होंने उम्मीद जताई, यह ट्रेनिंग हमारे एमबीबीएस के स्टुडेंट्स के लिए मील का पत्थर साबित होगी। वर्कशॉप में वाइस प्रिंसिपल डॉ. एसके जैन, डॉ. वीके सिंह, डॉ. सीके जखमोला आदि ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए। वर्कशॉप में सभी विभागों के एचओडीज के संग-संग सर्जरी के पीजी, एमबीबीएस, इंटर्न्स समेत 250 स्टुडेंट्स ने प्रतिभाग किया। संचालन डॉ. अनुराध ा, डॉ. तनवीर और डॉ. सौम्या ने किया।

## प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के दिये निर्देश

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में वन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर ईको टूरिज्म को बढ़ावा दिए जाने पर बल देते हुए कहा कि प्रदेश में वन क्षेत्र की अधिकता को देखते हुए इसे रोजगार से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वन क्षेत्रों में चिड़ियाघर, नेचर पार्क, ईको पार्क, वानस्पतिक उद्यान आदि विकसित कर पर्यटन गतिविधियां बढ़ाई जा सकती हैं। इन गतिविधियों में अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को शामिल कर रोजगार उपलब्ध कराया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि ईको टूरिज्म में रोजगार सृजन की अत्यधिक क्षमता है। इसमें अधिक से अधिक लोग जुड़ सकें इसके लिए रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल अपनाया जाए। उन्होंने वन विभाग को इसके लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार किए जाने हेतु निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री आनन्द बर्द्धन, प्रमुख वन संरक्षक श्री राजीव भरतरी, प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांश, सचिव श्री सचिन कुर्वे, श्री विजय कुमार यादव एवं अपर सचिव श्री विनीत कुमार सहित अन्य उच्चाधिकारी उपस्थित थे।




# नैनीताल में उमड़ी सैलानियों की भीड़,भीमताल से कैंची धाम तक लगा जाम

नैनीताल। गुड फ्राइडे और वीकेंड साथ होने के कारण नैनीताल और आसपास के पर्यटक स्थलों में सैलानियों की भीड़ रही। इसके चलते हल्द्वानी से लेकर नैनीताल तक के होटल और पार्किंग पैक नजर आई। बता दें कि शुक्रवार से रविवार तक तीन दिन की छुट्टी के चलते दिल्ली, नोएडा और यूपी के अन्य शहरों से आने वाले सैलानियों ने नैनीताल और आसपास के क्षेत्रों में एडवांस में होटल आदि बुक कराए हैं।रविवार तक अधिकतर होटल और रिजॉर्ट पैक हैं। नैनीताल पहुंचे सैलानियों ने नैनीझील में नौकायन किया जबकि घुड़सवारी के शौकीन पर्यटक बारापत्थर पहुंचे। मल्लीताल स्थित पंत पार्क सुबह से ही सैलानियों से पैक रहा। गुड फ्राइडे पर नैनीताल में सैलानियों की भीड़ से सड़कों पर जाम की स्थिति रही।दोपहर बाद डीएसए मैदान, मेट्रोपोल और केएमवीएन के पार्किंग स्थलों के साथ-साथ नगर में स्थित 12 से अधिक छोटे पार्किंग स्थल फुल हो गए। कई सैलानियों ने सड़क किनारे वाहन खड़े किए तो पुलिस ने उनमें जैमर लगाकर चालानी कार्रवाई की। सैलानियों के वाहनों का दबाव बढ़ने पर पुलिस ने हल्द्वानी रोड पर रूसी बाईपास के पास, कालाढूंगी रोड पर नारायण नगर और भवाली रोड पर टूटा पहाड़ के पास नैनीताल की ओर आ रही गाड़ियों को रोक लिया और पांच-पांच वाहन कर नगर में प्रवेश कराया। इन सभी सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार नजर आई। कई सैलानियों ने बताया कि रूसी बाईपास से पुलिस ने केवल उन्हीं वाहनों को नैनीताल में प्रवेश करने दिया जिनके पास पार्किंग सुविधा वाले होटलों की एडवांस बुकिंग थी। तीन दिन की छुट्टी के चलते शुक्रवार को भीमताल से लेकर कैंची तक घंटों जाम की समस्या बनी रही। जाम के चलते सैलानियों और यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। भीमताल में तल्लीताल से नौकुचियाताल मार्ग तक लगे जाम में हर कोई परेशान रहा। शुक्रवार को भीमताल, सातताल, नौकुचियाताल पहुंचे सैलानियों ने नौकायन और पैरागलाइडिंग का लुत्फ उठाया। कैंची धाम में बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शन के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इससे कैंची, भवाली में जगह-जगह जाम की समस्या बनी रही। भीमताल, भवाली और खैरना पुलिस दिनभर जाम खुलवाती रही। इधर, नोएडा से आए अमित मित्तल ने बताया कि वह परिवार के साथ भीमताल घूमने पहुंचे लेकिन कमरा नहीं मिलने से परेशानियों का सामना करना पड़ा। सैलानी मुक्तेश्वर और रामगढ़ भी घूमने के लिए पहुंचे।



## पेज एक का शेष...

**खटीमा, रूद्रपुर और...**के इंजेक्शन में हल्की स्मैक डालकर उसे गर्म कर सिरेन्ज के माध्यम से खुद अपने हाथ की नशों में उक्त नशा लेते है, स्मैक की 1 बीट व एविल की 1 शीशी 500 रूपये के हिसाब से किच्छा और पुलभट्टा क्षेत्र में बेचते है। वहीं पुलिस ने सिरौलीकला क्षेत्र मे अभियुक्त इलियास अंसारी पुत्र फिदा हुसैन उन 32 वर्ष निवासी बार्ड न019 सिरौलीकला थाना पुलभट्टा जिला उधमसिंहनगर को सट्टे की खाई बाडी करते हुए 1970 रुपये नकद सट्टा पर्ची और मोबाईल के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में इलियास ने बताया कि वह सट्टा लेकर आगे नसीम उर्फ चटनी निवासी सिरौलीकला तथा इकरार निवासी किच्छा सिनेमा हॉल को देता है। गिरफ्तार अभियुक्तगणों को न्यायालय पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। आरोपियों को पकड़ने वाली टीम में थानाध्यक्ष कमलेश भटट, उपनिरीक्षक दीपा अधिकारी, एएसआई सुरेश पशबोला, हेड कांस्टेबल धरमवीर सिंह, आरक्षी महेन्द्र सिंह, चारू चन्द्र पंत और मनोज मेहरा आदि शामिल थे। खुलासे के दौरान सीओ का चार्ज देख रहे ओपी शर्मा, पीआरओ इंसपेक्टर भारत सिंह भी मौजूद रहे। ट्रांजिट कैम्प में थाना पुलिस द्वारा पकड़े गये स्मैक तस्कर के बारे में एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त करते हुए दक्ष चौक पर फुलसुंगी तिराहे से गंगापुर की तरफ सड़क किनारे संदिग्ध वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति फुलसुंगी तिराहे से गंगापुर की ओर पैदल आता दिखाई दिया। जो पुलिस कर्मियो को देखकर वापस जाने लगा। संदेह होने पर पुलिस कर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता आकाश गंगवार उर्फ मोंटू पुत्र छत्रपाल गंगवार निवासी वार्ड 2 राजा कालौनी, ट्रांजिट कैम्प बताया। उसने अपने पास अवेध स्मैक होना बताया। जिसकी सूचना देने पर मौके पर पहुंचे पुलिस उपाधीक्षक ओम प्रकाश शर्मा के समक्ष आकाश की तलाशी ली गई। उसके पास से कुल 12.81 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने बरामद स्मैक कब्जे में लेकर आकाश कें विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में निरीक्षक सुन्दरम शर्मा, उपनिरीक्षक धीरज टम्टा, कांस्टेबल महेन्द्र डंगवाल, राकेश खेतवाल, दिनेश चन्द आदि शामिल थे।

**सूचना नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का नाम जन्म प्रमाण पत्र में दिव्यम यादव (DIVYAM YADAV) है। अब मैंने अपने पुत्र का नाम दिव्यम यादव (DIVYAM YADAV) से बदल कर हार्दिक यादव (HARDIK YADAV) रख लिया है। अतः भविष्य में मेरे पुत्र को लिखित, मौखिक एवं अभिलेखों में हार्दिक यादव (HARDIK YADAV) के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**अजय यादव पुत्र किशन, निवासी ग्राम राघव नगर पंडरी, पो. गोकुल नगर, तहसील किच्छा, जिला उधमसिंह नगर**

**कार खाई में गिरी...**नरपन सिंह, निवासी मोतीवाला गाजियाबाद गंभीर रूप से घायल हैं, जिसे उप जिला चिकित्सालय विकासनगर में भर्ती कराया गया है। चारों लोग स्विफ्ट कार संख्या यूपी 14 सीए 3336 में सवार थे। घटना का पता लगने के बाद स्थानीय लोग और एसडीआरएफ टीम रेस्क्यू में जुट गये। कड़ी मशक्कत के बाद तीन शवों और घायल को खाई से बाहर निकाला गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल एक अन्य व्यक्ति को उपचार के लिए एंबुलेंस 108 से सीएचसी विकासनगर ले जाया गया। उसकी हालत भी चिंताजनक बनी हुयी है। घटना शुक्रवार रात की बताई जा रही है, जिसका पता स्थानीय लोगों को शनिवार की सुबह चला। कार में सवार पर्यटक चकराता की ओर घूमने जा रहे थे, जो हादसे का शिकार हो गए।

**अलग अलग स्थनों...**नाम पता हरिओम पुत्र पीताम्बर निवासी रम्पुरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास मौजूद कट्टे में कुल 50 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद हुए। वहीं कांस्टेबल यशपाल सिंह मेहता व गणेश गिरी ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम बगवाड़ा भट्टी से जरकिन में अवैध शराब ले जाते बगवाड़ा निवासी रोहित सिंह पुत्र कृपाल सिंह को 20 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया। इधर ट्रांजिट कैम्प थाना के कांस्टेबल हरीश गोस्वामी व विनोद खत्री ने मुखबिर की सूचना पर ढ़ाल के पास शराब बेच रहे बहादुर पुत्र संताराम को कट्टे में भरे 34 पाउच अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़े गये तीनों शराब तस्करों के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया है।

**नगदी समेत दो...**निवासी धान मिल बरेली रोड व शबाब पुत्र जहीद निवासी लाइन नंबर 17 मीट मार्केट वाली गली बताया। तलाशी लेने पर मौके से 7520 रूपये नगद तथा ताश पत्ते बरामद हुए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**पार्षद के विरूद्ध..**स्थानीय पार्षद द्वारा अन्य लोगों को बुलाकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग की संपत्ति को क्षति हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कार खाई में गिरने से चालक की मौत, पत्नी-बेटी घायल

श्रीनगर। पौड़ी-घुड़दौड़ी-मुछयाली-श्रीनगर मोटर मार्ग पर दर्दनाक हादसा हो गया। मुछयाली गांव से पहले एक कार खाई में गिर गई। हादसे में कार चालक की मौत हो गई, जबकि मृतक की पत्नी और बेटी भी घायल हो गए। दोनों को राजकीय मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है।घटना गुरुवार देर शाम की है। पुलिस कंट्रोल रूम को मुछियाली गांव के निकट वाहन दुर्घटना की सूचना मिली। कोतवाल श्रीनगर रवि सैनी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम बचाव के लिए मौके पर पहुंची। कार सड़क से लगभग 100 मीटर नीचे खाई में गिरी थी। कार में एक ही परिवार के तीन लोग सवार थे।तीनों को स्थानीय लोगों की मदद से खाई से निकाल कर सड़क तक पहुंचाया गया। यहां से उन्हे एंबुलेस के माध्यम से मेडिकल कॉलेज भेज गया। कार मुछियाली गांव निवासी सुरेंद्र सिंह पंवार (48) पुत्र विजय सिंह पंवार चला रहे थे। उन्हें चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि उनकी पत्नी कृष्णा पंवार व बेटी मानसी का अस्पताल में उपचार चल रहा है। सैनी ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार, दुर्घटना प्रभावित परिवार पौड़ी से घुड़दौड़ी होते हुए गांव आ रहा था। लेकिन गांव पहुंचने से पूर्व हादसा हो गया।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# रंगाई-पुताई कराने के नाम पर कारोबारियों को उजाड़ा : हरदा







## कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ और उजाड़े गए व्यापारियों से मिलने रूद्रपुर पहुंचे पूर्व सीएम हरदा, मोर्चा खोलने की चेतावनी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने रूद्रपुर पहुचकर जी 20 सम्मेलन के दौरान सौंदर्शीकरण के नाम पर उजाड़े गये कारोबारियों के साथ ही कांग्रेस विधायक तिलकराज बेहड़ से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम जानी और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान बेहड़ सहित उनके परिजनों ने पूर्व सीएम का स्वागत किया। किच्छा विधायक के आवास पार पत्रकारों से से वार्ता करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने तिलक राज बेहड़ को तराई का शेर बताया। कांग्रेस संगठन में गुटबाजी की चर्चाओं के बीच शुक्रवार को अपने गांव मोहनरी के दौरे पर जा रहे पूर्व सीएम हरदा ने रूद्रपुर में कांग्रेस पार्टी में पिछले दिनों हुई जिला एवं नगर अध्यक्षों की घोषणा के बाद स्थानीय नेताओं के बीच चल रही बयानबाजी को डैमेज कंट्रोल करने का प्रयास किया । कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरदा ने साफ कहा कि पार्टी में पद और प्रतिष्ठा की कोई लड़ाई नहीं है कोई गुटबाजी और हवाबाजी भी नहीं है। जो संघर्ष करेगा उसके साथ वह साढ़े 24 घंटे साथ रहकर खड़े रहेंगे। पार्टी में स्थानीय नेताओं की गुटबाजी के सवाल पर वह बोले कांग्रेस लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी नेताओं को गांधी, नेहरू, आंबेडकर के सिद्धांत, विपक्ष को बचाने की लड़ाई सहित संविधान को बचाने की लड़ाई लड़नी है। किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के आवास पर उनके स्वास्थ्य का हाल जानने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उजाड़े गए व्यापारियों से मिलकर उनके आंसू पोछे । सरकार को चाहिए कि इन सभी व्यापारियों को पुनर्वासित करे। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि तीन माह के बाद वह सड़क पर पार्टी के लिए संघर्ष में साथ होंगे। आगामी निकाय चुनाव को लेकर उनका कहना था कि कांग्रेस संघर्ष सड़क पर करेगी, यह आते-जाते रहते हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कोई गुटबाजी, कोई हवाबाजी नहीं है। जो कफन बांधकर चलना



चाहता है, उसके साथ वह संघर्ष करने के लिए हमेशा तैयार हैं। किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के भाजपा में जाने व लगातार भाजपा नेताओं की तरफ से उनके आवास पर पहुंचने के सवाल पर पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि वह कहीं नहीं जाने वाले, तीन माह बाद हम खुद उनके साथ पार्टी को मजबूत करने के लिए संघर्ष करेंगे। शायराना अंदाज में बोले जिंदगी में और भी गम हैं मुहब्बत के सिवा। पार्टी में छोटे कार्यकर्ता, बड़े नेता मिलकर कांग्रेस को शक्तिशाली बनाने के लिए संघर्ष करेंगे इसके सिवाए कोई रास्ता नहीं है। जनसंघर्ष से ही कोई रास्ता निकलेगा। पूर्व मुख्यमंत्री यहीं नहीं रुके व्यापारियों को उजाड़े जाने को लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि धामी सरकार धोखेबाज है। व्यापारियों को रोडवेज के सामने से उजाड़े जाने को लेकर उनका कहना था कि प्रशासन ने मात्र दीवार की रंगाई-पुताई कराए जाने के नाम पर व्यापारियों को उजाड़ दिया। इसके लिए कांग्रेस लड़ाई सड़क पर लड़ेगी। हरदा ने गन्ना किसानों सहित पहाड़ में आड़ू, सेब सहित नासपाती के बाग उजड़ने, किसानों की आर्थिक स्थिति खराब होने पर सरकार को घेरा। पूर्व सीएम हरीश रावत ने कहा कि दशकों से यहां कारोबार कर रहे व्यापारियों के साथ अन्याय किया गया है आज व्यापारियों की रोजी रोटी छिनने से उनके सामने परिवार के पालन पोषण का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने सरकार और प्रशासन की बर्बरता पूर्वक कार्रवाई की कड़ी शब्दों में निंदा करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की चेतावनी दी। आवास विकास स्थित किच्छा विधायक तिलकराज बेहड़ के आवास पर पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के सामने गुटबाजी साफ दिखाई दी। महानगर कांग्रेस का एक ही गुट उनके साथ दिखाई दिया। हांलाकि बेहड़ के आवास पर नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा नहीं पहुंचे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओ से एकजुट होकर काम करने की अपील की। पूर्व महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा, वरिष्ठ उपाध्यख मीना शर्मा, अनिल शर्मा सहित बाकी कार्यकर्ताओं ने यहां उनका जोरदार स्वागत किया।पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत से रोडवेज के सामने व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा आशू ग्रोवर, विनोद ठुकराल, राजू जोशी, इंद्रजीत सिंह, बलजीत सिंह, अजीत सिंह, मनोज मदान, हर्ष रावल, सोनू बंसल, नरेंद्र चावला, हरजिंदर सिंह, शैलेंद्र ग्रोवर, जगजीत सिंह, अमरीक सिंह आदि ने मुलाकात कर व्यापारियों की समस्याओं से अवगत कराया और उन्हें राहत दिलाने के लिये सहयोग करने की गुहार लगाई।

# पूर्व सैनिक ने लिया अंगदान का संकल्प

(राजीव अग्रवाल) रामनगर। पूर्व सैनिक व शिक्षक एनएस फर्त्याल ने मानवता की मिसाल कायम की है। उन्होंने मरणोपरांत अंगदान करने की घोषणा की है। उन्होंने लोगों को भी आगे आने की अपील की है, जिससे किसी दूसरे को जिंदगी मिल सके। पूर्व सैनिक व शिक्षक एनएस फर्त्याल ने मरणोपरांत अपना अंगदान करने की घोषणा की है। 85 वर्ष की आयु में भी पूर्व सैनिक का जज्बा देखने लायक है। रामनगर के रहने वाले एनएस फर्त्याल अभी अपने पुत्र के साथ शहर में कोचिंग सेंटर भी संचालित करते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे मन में कई वर्षों अंगदान को लेकर बात आ रही थी। फर्त्याल ने कहा कि मेरा जीवन किसी के काम आ जाए, इससे बड़ी क्या बात हो सकती है। उन्होंने कहा कि जब वो सुनते थे कि कोई किडनी, लीवर की वजह से मर गया। कई लोग आंखों से दिव्यांग होते हैं, जिन्हें आंखें दान कर नई जिंदगी दी जा सकती है। इसलिए मैंने अंगदान करने की सोची। एनएस फर्त्याल कहते है अंगदान को महादान बताया जाता है। देश में लाखों लोग



किसी न किसी हादसे में शरीर के महत्वपूर्ण हिस्सों को खो देते हैं, लेकिन अगर हर कोई मरणोपरांत अपना अंग दान करें तो किसी न किसी की जिंदगी बचा सकते हैं। बता दें कि पूर्व सेना सैनिक व शिक्षक एनएस फर्त्याल अब दुनिया से जाने के बाद भी लोगों के काम आना चाहते हैं।सामाजिक कार्यकर्ता गणेश रावत कहते हैं कि वे एक कुशल शिक्षक रहे हैं। उन्होंने 85 वर्ष में ये निर्णय लिया है। कहीं न कहीं उनका ये कदम सभी के लिए प्रेरणा दायक है, जो युवा पीढ़ी है वो भी मोटिवेट होगी। उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा के लिए उन्होंने एक उदाहरण पेश किया है। जिस तरीके से आज देश में कई लोग कई बीमारियों से जूझ रहे हैं और अगर सभी लोग इस तरीके से निर्णय लेंगे, तो कई सारे लोग इसका लाभ उठा सकेंगे।

# जी 20 पर वाणिज्य विभाग ने किया निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन

रामनगर (उद संवाददाता)। राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय रामनगर, नैनीताल में वाणिज्य विभाग द्वारा विभागीय परिषद के तत्वाधान में 'नवीन भारतीय बाजार में ऑनलाइन शॉपिंग की प्रासंगिकता' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त निबंध प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के कुल 144 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें बी।कॉम प्रथम सेमेस्टर के 108, बी।कॉम द्वितीय वर्ष के 04, बी।कॉम तृतीय वर्ष के 02, बी।कॉम पंचम सेमेस्टर के 01, एम।कॉम प्रथम सेमेस्टर के 07, एम।कॉम तृतीय सेमेस्टर के 08, बी।ए। प्रथम सेमेस्टर के 06, बी।ए। द्वितीय वर्ष के 02, एम।ए। प्रथम सेमेस्टर के 02, बीएससी प्रथम सेमेस्टर के 01, एमएससी तृतीय सेमेस्टर के 02 एवं बी।एड। तृतीय सेमेस्टर के 01 विद्यार्थी शामिल रहे। उपरोक्त प्रतियोगिता में निबंधों के मूल्यांकन के लिए एक समिति गठित की गई जिसमें हिंदी माध्यम में लिखित निबंधों का मूल्यांकन महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ। सुमन कुमार एवं अंग्रेजी माध्यम में लिखित निबंधों का मूल्यांकन महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक डॉ। प्रकाश बिष्ट द्वारा किया गया। हिंदी माध्यम में कुल 42 एवं अंग्रेजी माध्यम में कुल 102 निबंध प्राप्त हुए। विभाग प्रभारी डॉ। दीपक खाती ने बताया कि कुल प्राप्त 144 निबंधों का मूल्यांकन करने के पश्चात बीकॉम प्रथम सेमेस्टर की कामना सत्यवाली को प्रथम स्थान , बीकॉम प्रथम सेमेस्टर के तनुज निगलटिया को द्वितीय स्थान , एवं एम ए प्रथम सेमेस्टर अर्थशास्त्र के राजकुमार को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ निबंध प्रतियोगिता में एमकॉम प्रथम सेमेस्टर की किरण नेगी को एवं ममता सत्यवली को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। उपरोक्त समस्त विजेताओं को महाविद्यालय के वार्षिक समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पांडे जी द्वारा पुरूस्कृत किया जाएगा उपरोक्त निबंध प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपादित करने में वाणिज्य विभाग के डॉक्टर ममता भदोला जोशी ,डॉक्टर हेमचंद भट्ट एवं डॉक्टर भानु प्रताप दुर्गापाल का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ स प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले निबंधों को महाविद्यालय की पत्रिका अभिव्यक्ति में प्रकाशित भी किया जाएगा।

# अखण्ड महानाम संकीर्तन सुनने पहुंच रहे सैकड़ों श्रद्धालु

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी स्थित श्री दुर्गा मंदिर परिसर में गत प्रात: से अवनरत चल रहे 24 प्रहर व्यापी अखण्ड महानाम संकीर्तन सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी सहित महानगर की अनेक कालोनियों तथा आस पड़ोस के क्षेत्रों के सैकड़ों श्रद्धालु आयोजन स्थल श्री दुर्गा मंदिर पहुंच रहे हैं। आयोजकों द्वारा प्रति दिन प्रात: एवं सायंकाल विशाल भंडारे का वितरण भी किया जा रहा है। श्री दुर्गा मंदिर में ढोलक मंजीरे के साथ आमंत्रित कीर्तन मंडलिया चौबीसों घंटे लगातार महानाम संकीर्तन कर रही हैं। जिनमें धर्मनगर दिनेशपुर की हरि गोपाल सम्प्रदाय संकीर्तन मंडली, पिपलिया नम्बर दो से राधा रमन सम्प्रदाय, दिनेशपुर से राधा कृष्ण सम्प्रदाय, मलखान गिरी, उड़ीसा से घनश्याम सम्प्रदाय, मियांपुर उत्तर प्रदेश से राधे राधे संप्रदाय तथा पश्चिम बंगाल से मां मोनोशा संप्रदाय संकीर्तन मंडलियों द्वारा निरंतर अखंड हरिनाम संकीर्तन किया जा रहा है। महानाम संकीर्तन की धुन में उपस्थित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु भक्तिभाव में खुद को समर्पित कर रहे हैं। आज भी प्रात: 11 बजे से विशाल भंडारा का प्रारंभ किया गया जहां भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। आगामी 10 अप्रैल को प्रात: 6 बजे अखण्ड महानाम संकीर्तन का विश्राम होगा। इस दौरान आयोजन कमेटी के अध्यक्ष गौतम घरामी, उपाध्यक्ष रंजीत मंडल, संजय विश्वास, संजय ढाली, सुजीत पाल, राजीव विश्वास, विक्रम राय, मनीष सरकार, सचिव असीम समद्दार, कोषाध्यक्ष सुखदेव मंडल, उप सचिव जयदेव पाल व आडिटर पवित्र शील,



गोबिंद राय, प्रियंका मंडल, हृदय मंडल, श्यामल राय, सुव्रत सरकार, विष्णु सरकार, दीपंकर साना, संजय आइस, असीम सरकार, चंचला पाण्डे, विभा विश्वास, माधुरी मण्डल, सुनीता साना, श्याम सरकार, तपन सरकार, मनी मंडल, सुप्रिया हालदार, शिपाली हालदार, मिथुन चक्रवर्ती, पुष्पा सरकार, कल्पना मदक, वकुल वर्मन, अंजली गोलदार, तपन विश्वास, रमेन मंडल, श्यामली सरकार, सुंदरी, कविता मंडल, देवदास सरकार, सपन साना, विश्वजीत मजूमदार, गायत्री हालदार, मधु सरकार, मुकेश मालाकार, सुनीता हालदार, सविता मजूमदार, आरती राय, भुवन राय, दुलाल बैरागी, शंकर सरकार, फटीक मजूमदार, काशीनाथ हाजरा, परेश मेहरा, भगीरथ पाल, कंकन विश्वास, खगोपति विश्वास, अशोक राय, बाबू दास, भरत सिकदार, नीरू ढाली, सिमरन विश्वास, गौरंग विश्वास, मनोज विश्वास, वनमाली शील, विवेक गुप्ता, आशा सरकार, डा. ईश्वर मल्लिक, काशीनाथ हाजरा, गीता सरकार, दीपाली डे, सन्तोष सरकार, गणेश सरकार, उत्तम अधिकारी, भानु विश्वास, जमुना सरकार, पूर्णिमा मिस्त्री, सरोराय, शिखा मण्डल, अजन्ता मंडल, सुबल मंडल, पुलिन शिल, सुमति गांगुली, आरजू दास, तारा गोलदार, गोविन्द सरकार अमित सरकार, उषा मण्डल, सुषमा राय, मुकेश मालाकार, आयना सरकार, पार्वती सेन, सुनीता साना, श्याम सरकार, तपन सरकार, मनी मंडल, सुप्रिया हालदार, शिपाली हालदार, मिथुन चक्रवर्ती, पुष्पा सरकार, कल्पना मदक, वकुल वर्मन, अंजली गोलदार, तपन विश्वास, रमेन मंडल, श्यामली सरकार, सुंदरी, कविता मंडल, देवदास सरकार, सपन साना, विश्वजीत मजूमदार, गायत्री हालदार, मधु सरकार, सुनीता हालदार, सविता मजूमदार, आरती राय, भुवन राय, दुलाल बैरागी, शंकर सरकार, फटीक मजूमदार, काशीनाथ हाजरा, परेश मेहरा, भगीरथ पाल, कंकन विश्वास, चंदना सरकार, माया बैरागी, ऊषा विश्वास,अमित सरकार, विवेक गुप्ता व मुकेश मालाकार सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे।